
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



टीवी पर्सनालिटी को ... | सिंडर एंड सीरन को सिखाई थी हिंदी.....

वर्ष : 12 | अंक : 113 | लखनऊ, 16 अप्रैल, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# नौ वर्ष पहले यूपी में न नीति थी और न ही नीयत : सीएम

## मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित हुआ यूपी, योगी ने किया पूर्वी यूपी के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का लोकार्पण

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/लखनऊ,**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बुधवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी। उन्होंने महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फाउंडेशन के सहयोग से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर एन. चंद्रशेखरन और के. कृतिवासन भी मौजूद रहे।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन देखने को मिल रहा है, वैसा नौ वर्ष पहले हो पाना कठिन था। तब सड़कें अच्छी नहीं थीं, बिजली का अता-पता नहीं था। सुरक्षा संकट में थी। न नीति थी और न नीयत। सुरक्षा का माहौल और नीति नहीं होने के कारण निवेश भी नहीं होता था। जब निवेश नहीं होगा तो स्वाभाविक रूप से रोजगार भी नहीं मिलेगा। यही स्थिति तब यूपी की थी, लेकिन आज का यूपी हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जितना टेक्नोलॉजी के नजदीक जाएंगे, टेक्नोलॉजी हाथ का खिलौना बनती जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि यह सेंटर वर्तमान व भविष्य की इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक होगा। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के रोडमैप को एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म मिलेगा।

इस सेंटर को एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, स्पेस टेक्नोलॉजी, थ्रीडी प्रिंटिंग जैसी डिजिटल युग की जरूरतों पर फोकस करते हुए आगे बढ़ाया जा रहा है। यह सेंटर तकनीकी उन्नयन, रिसर्च, इनोवेशन, स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की दृष्टि से युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार और नेपाल की तराई से जुड़े नौजवानों, अन्नदाता किसानों और महिलाओं के लिए टेक्नोलॉजी की ज्योति बनकर आया है। अपने संबोधन में सीएम योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना और इसके योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि देश जब पराधीन था तब 1932 में तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत श्रीदिग्विजयनाथ जी महाराज ने गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। यह वही शिक्षा परिषद है, जिसने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अपने दो संस्थान सरकार को देकर विश्वविद्यालय का शुभारंभ कराया।

इसी शिक्षा परिषद के उपक्रम महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में टाटा ग्रुप के सहयोग से शानदार सेंटर आफ एक्सीलेंस यहां के युवाओं को प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार और नेपाल तराई के युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए टेक्नोलॉजी की ज्योति बनेगा। इससे रिसर्च, इनोवेशन, स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को बढ़ावा मिलेगा। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने एआई लैब, साइबर सिक्योरिटी लैब, ड्रोन टेक्नोलॉजी लैब और 3डी प्रिंटिंग लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टार्टअप्स ने अपने नवाचारों का प्रदर्शन भी किया, जिनसे मुख्यमंत्री ने संवाद किया। कार्यक्रम में एमपीआईटी का विजन डॉक्यूमेंट और इंक्लूसिव एआई फॉर यूप विजन डॉक्यूमेंट का अनावरण भी किया गया। साथ ही एआई फॉर ऑल, साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्रोग्राम और एआई फॉर फार्मर्स कोर्स का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन व टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोकार्पण करने के बाद अत्याधुनिक भवन एवं लैब्स (प्रयोगशालाओं) का भ्रमण कर अवलोकन किया।

### एआई जागरूकता पर गिनीज बुक में दर्ज हुआ गोरखपुर का नाम

- **गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री और टाटा संस के चेयरमैन को सौंपा प्रमाण पत्र**

**गोरखपुर।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जागरूकता पर गोरखपुर का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में तैयार किए गए ह्यएआई फॉर ऑल अवेयरनेस प्रोग्राम ने एक सप्ताह की समय सीमा में 764187 ऑनलाइन पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। एमपीआईटी (महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) ने टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) और अन्य संस्थानों के सहयोग से इस प्रोग्राम को शुरू किया है। बुधवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ऋषि नाथ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को इस प्रोग्राम के तहत पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान रचे जाने का प्रमाण पत्र सौंपा। यह प्रमाण पत्र एमपीआईटी में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लोकार्पण समारोह के मंच पर सौंपा गया। एमपीआईटी ने एआई फॉर ऑल अवेयरनेस प्रोग्राम के लिए 5 लाख पंजीकरण का लक्ष्य रखा था। इसके लिए निर्धारित तिथि, 9 अप्रैल तक 764187 पंजीकरण हुए। इसके अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय, एमपी पॉलिटेक्निक, आईटीएम गीडा, बीआईटी गीडा आदि को भी साझा पहल में शामिल किया गया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को कड़े मानकों पर परखने के बाद प्रमाण पत्र सौंपा गया है। पूर्णतः निशुल्क इस एआई अवेयरनेस प्रोग्राम में एआई का परिचय, जेनेरेटिव एआई टूल्स, प्रॉम्प्टिंग एंड प्रोडक्टिविटी, रिस्पांसिबल एआई यूज, साइबर हाइजीन, फ्रॉड प्रिवेंशन, पासवर्ड एंड ओटीपी सेफ्टी और सेफ डिजिटल प्रैक्टिसेज के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## श्रमिकों के अधिकारों से कोई समझौता नहीं उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई: सीएम

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान एवं सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए हैं कि श्रमिकों हितों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक श्रमिक को सम्मानजनक कार्य-परिस्थितियां, समय पर पूर्ण वेतन एवं सभी वैधानिक सुविधाएं प्राप्त होना उसका अधिकार है, और इसके हनन पर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बुधवार देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की औद्योगिक स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने गौतमबुद्ध नगर के घटनाक्रम पर विशेष रूप से संज्ञान लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जो व्यक्ति वास्तविक श्रमिक नहीं हैं, किंतु औद्योगिक अशांति फैलाने, उपद्रव करने अथवा अव्यवस्था उत्पन्न करने में संलिप्त पाए जाते हैं, उनकी तत्काल पहचान सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ऐसे तत्वों को बेनकाब करते हुए आवश्यकतानुसार सार्वजनिक स्थलों पर उनकी तस्वीर लगाई जाए, ताकि जनसामान्य को वास्तविक स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिल सके। लोग यह जान सकें कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को बाधित करने की साजिश के पीछे कौन लोग हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि श्रमिकों को भड़काने वाले संगठनों, अराजक तत्वों तथा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध ह्यजीरो टॉलरेंसह्न की नीति अपनाई जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं, अफवाहों एवं दुष्प्रचार पर सतत निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित पहचान कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रम या अशांति की स्थिति को प्रारंभ में ही नियंत्रित किया जा सके। मैनपावर सप्लाई एजेंसियों में संभावित अनियमितताओं की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित विशेष जांच समिति एवं श्रम विभाग को निर्देशित किया कि प्रदेश की सभी ऐसी एजेंसियों की व्यापक एवं गहन जांच कराई जाए। जांच के दौरान श्रमिकों की वास्तविक संख्या, औद्योगिक इकाइयों से प्राप्त भुगतान, श्रमिकों को किए जा रहे वास्तविक भुगतान, ईएसआई, बीमा तथा अन्य सुविधाओं की वस्तुस्थिति का सूक्ष्म परीक्षण किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार के शोषण पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## खबर संक्षेप

### स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुदीप गिरफ्तार

**अमरावती।** स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुदीप कटिकाला को आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व अभिनेता पवन कल्याण पर जोक मारना महंगा पड़ गया। अनुदीप को आंध्र प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी प्रयागराज से हुई है। वे यहां अपने परिवार से मिलने आए थे। कॉमेडियन पर काकीनाडा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी।



### लता-आशा की याद में बनेगा 'अहम' अस्पताल

**पुणे।** नंदोशी में बन रहे लता मंगेशकर मेडिकल फाउंडेशन केअस्पताल का नाम अब 'लता-आशा मंगेशकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' रखा जाएगा। ट्रस्टी बोर्ड ने लता-आशा के भाई हृदयनाथ मंगेशकर और डॉ. धनंजय केलकर के साथ यह अहम निर्णय लिया। इसका उद्देश्य एशिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में एक बनाना है।



### 16 मई से पहले पेश हों रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने हरियाणा के शिकोहपुर में जमीन सौदे से जुड़े मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट का संज्ञान लिया है। दिल्ली की अदालत ने हरियाणा जमीन सौदे मामले में रॉबर्ट वाड्रा और अन्य आरोपियों को 16 मई को पेश होने का निर्देश जारी किया है।



### चड्ढा को केंद्र ने दी जेड श्रेणी सुरक्षा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों के अनुसार खुफिया ब्यूरो (आईबी) की खतरे की आशंका को लेकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर राघव चड्ढा को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें दिल्ली और पंजाब में अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।



### परिसीमन पर कई विपक्षी दलों ने विरोध के स्वर किए तेज

## यह एक घोर ऐतिहासिक अन्याय, भाजपा आग से खेल रही, राज्य में काले झंडे दिखाए जाएंगे

*संसद के विशेष सत्र से पहले छिड़ा घमासान, विपक्ष कर रहा पुरजोर विरोध*

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

गुरुवार से शुरू हो रहे संसद के 3 दिन के विशेष सत्र में एक ओर जहां सरकार लोकसभा में 33फीसदी महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है तो वहीं कई विपक्षी दल इसके विरोध में आवाज उठा रहे हैं। सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले बुधवार इंडिया गठबंधन की इसी मुद्दे पर बैठक हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। विपक्षी दलों ने बुधवार को कहा कि वे महिला आरक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन परिसीमन विधेयक का एकजुट होकर विरोध करेंगे। संविधान संशोधन विधेयक के तहत लोकसभा की सीट बढ़ाकर अधिकतम 850 करने पर दक्षिणी राज्यों को भी लाभ होगा, क्योंकि निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या आनुपातिक रूप से बढ़ाई जाएगी। कुछ लोगों ने यह कहकर दक्षिणी राज्यों को गुमराह करने की कोशिश की थी कि सफल परिवार नियोजन के कारण उन्हें नुकसान होगा। कोई भी राज्य नुकसान में नहीं रहेगा।

सरकार संसद में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण करेगी | कांग्रेस महिला आरक्षण के पक्ष में, पर परिसीमन विरोधी

### हर दक्षिण भारतीय गुस्से से उबल रहा : स्टालिन



बुधवार को डीएमके प्रमुख स्टालिन ने अपनी पार्टी के सांसदों से संसद में परिसीमन को लेकर लाए जा रहे बिल का जबरदस्त तरीके से विरोध करने के लिए कहा। स्टालिन ने सांसदों के साथ मीटिंग में आरोप लगाया कि गुरुवार को संसद में होने वाला परिसीमन संशोधन तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों के खिलाफ 'घोर ऐतिहासिक अन्याय' है। स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा आग से खेल रही है और विंध्य के दक्षिण क्षेत्र का हर दक्षिण भारतीय गुस्से से उबल रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन के खिलाफ 16 अप्रैल को पूरे तमिलनाडु में घरों और सार्वजनिक स्थानों से काले झंडे लगाए जाएंगे। हमारे सिर पर लटकी तलवार अब हम पर आ गिरी है, केंद्र ने तमिलनाडु की आवाज पर ध्यान नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**ब्रायन ने आरोप लगाया**

### परिसीमन लागू करने की कुटिल साजिश हो रही

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने आरोप लगाया कि सरकार महिलाओं के आरक्षण की आड़ में परिसीमन लागू करने की कुटिल साजिश को अंजाम दे रही है। टीएमसी सांसद की यह टिप्पणी संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से एक दिन पहले आई है, जिसमें महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर विचार किया जाएगा।

**खरगे बोले**

### नीयत में खोट है, यह सिर्फ चुनावी पैंतरा

देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है। हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए। सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है। कार्यपालिका के जरिए संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है।



**संसदीय मंत्री रिजिजू का पलटवार- दक्षिण भारतीय राज्यों को गुमराह करने की कोशिश हो रही**



*संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार कहा कि कुछ लोग परिसीमन के गलत आंकड़े देकर दक्षिण भारतीय राज्यों को महिला आरक्षण के मुद्दे पर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने में राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी राजनीतिक दल नारी शक्ति के लिए एकजुट हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे पर दक्षिण भारतीय राज्यों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।*

### सीएम सैनी से सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन तथा ग्लाइडवेज कंपनी के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

## हरियाणा सरकार ने ग्लाइडवेज ट्रांजिट सिस्टम पर साझेदारी की संभावनाओं पर की चर्चा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



हरियाणा में शहरी परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, स्मार्ट और टिकाऊ बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और बड़ा और बड़ा कदम उठाया है। शहरों में अत्याधुनिक पोड टैक्सी (ग्लाइडवेज) प्रणाली को लागू करने की संभावनाओं पर सरकार गंभीरता से मंथन कर रही है, जिससे प्रदेश में स्मार्ट मोबिलिटी का नया युग शुरू होने की उम्मीद है।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बुधवार को चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में जापान की प्रतिष्ठित कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन तथा ग्लाइडवेज कंपनी के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान हरियाणा सरकार और जापानी कंपनियों के बीच ग्लाइडवेज ट्रांजिट प्रोजेक्ट को लेकर संभावित साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचा विकसित करने और नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पोड टैक्सी सेवा शुरू करने की व्यवहार्यता, संभावित कॉरिडोर एवं रूट प्लानिंग, परियोजना के लिए निवेश मॉडल, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप की संभावनाएं तथा इसके क्रियान्वयन की समयसीमा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस परियोजना के माध्यम से शहर की यातायात व्यवस्था में आने वाले व्यापक बदलावों और नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं का भी आंकलन किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि ग्लाइडवेज एक अत्याधुनिक, स्वचालित (डायवरलैस) और ऑन-डिमांड सार्वजनिक परिवहन प्रणाली है, जिसे उन्नत तकनीक के साथ विकसित किया जा रहा है। यह प्रणाली छोटे-छोटे स्वचालित पॉड्स के माध्यम से यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करती है। इसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करना, यात्रा समय को घटाना तथा एक पर्यावरण-अनुकूल परिवहन विकल्प उपलब्ध कराना है।

बैठक में मुख्यमंत्री की मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, शहरी स्थानीय निकाय विभाग की आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, निदेशक शाश्वत, सीएम के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन से केंटो ओगुरा, ग्लाइडवेज कंपनी से क्रिस राइली, डेव मानु और अल्बर्टो फर्नांडेज लोपेज उपस्थित रहे।

### एक लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) शहरी निवेश को देगा गति

## केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री खट्टर ने फंड के लिए संचालन संबंधी दिशा निर्देश जारी किए

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) भारत के शहरी विकास के दृष्टिकोण में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को नई दिल्ली में अर्बन चैलेंज फंड के लिए संचालन संबंधी दिशा निर्देशों को जारी करते हुए यह संबोधन दिया। इसके साथ ही ऋण पुनर्भुगतान गारंटी उप-योजना (सीआरजीएसएस) का भी शुभारंभ किया गया, जिसे देश में शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए वित्तपोषण को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, गुजरात और ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने वीडियो संदेशों के जरिए सभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इस बात पर जोर दिया कि यह फंड केवल अनुदान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक निधियों का उपयोग करके बड़े निवेशों को गति प्रदान करने और शहरों को आर्थिक रूप से मजबूत और निवेश के लिए तैयार बनाने के बारे में है।

मनोहर लाल ने कहा कि अर्बन चैलेंज फंड की सफलता केंद्र, राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों के बीच निरंतर सहयोग के साथ-साथ सुधारों और क्षमता निर्माण पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन पर निर्भर करेगी। इस अवसर पर शहरों को वित्तीय संस्थानों, बैंकों और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों से जोड़ने वाली एक ई-डायरेक्टरी भी लॉन्च की गई, ताकि यूसीएफ के प्रभावी कार्यान्वयन को सुगम बनाया जा सके। इस कार्यक्रम में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय और सभी राज्यों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर भी किए गए, जिसमें अर्बन चैलेंज फंड के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में सहयोगात्मक प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अर्बन चैलेंज फंड में कुल 1 लाख करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता राशि शामिल है। इसे बाजार आधारित वित्तपोषण के माध्यम से लगभग चार गुना निवेश जुटाने के लिए एक उत्प्रेरक साधन के रूप में तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सहायता परियोजना लागत के 25 प्रतिशत तक सीमित रहेगी, जबकि कम से कम 50 प्रतिशत निधि नगरपालिका बांड, बैंक ऋण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से जुटाई जाएगी, जिससे वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित होगा और निजी भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा।




उन्होंने यह भी बताया कि कुल परिव्यय में से 90,000 करोड़ रुपए परियोजनाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपए परियोजना निर्माण और क्षमता निर्माण के लिए तथा 5,000 करोड़ रुपये ऋण पुनर्भुगतान गारंटी उप-योजना के लिए आवंटित किए गए हैं। सीआरजीएसएस से विशेष रूप से छोटे शहरों को ऋण गारंटी के माध्यम से बाजार आधारित वित्तपोषण प्राप्त करने में सहायता मिलेगी, जिनमें द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहर तथा पहाड़ी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के शहर शामिल हैं।

मनोहर लाल ने इस बात पर जोर दिया कि यह कोष पुराने शहरी क्षेत्रों और बाजारों के पुनर्विकास, शहरी आवागमन और अंतिम दूरी तक कनेक्टिविटी, गैर-मोटर चालित परिवहन, जल और स्वच्छता संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा जलवायु के अनुकूल शहरी विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में परिवर्तनकारी परियोजनाओं का समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि उन परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो व्यापक, प्रभावशाली और वित्तपोषित होने योग्य हों और जिनसे दीर्घकालिक आर्थिक और सामाजिक लाभ प्राप्त हो सकें।

# नगर निगम सदन में कांग्रेस-भाजपा पार्षदों के बीच हंगामा

## सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने पर एलएसए व लॉयन एन्वॉयरो से मांगा जवाब



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** नगर निगम सदन की बैठक बुधवार सुबह 9 बजे शुरू हुई। बैठक शुरू होते ही शहर में वेपटरी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के मुद्दे पर हंगामा शुरू हो गया। निजी कंपनी एलएसए व लॉयन इन्वॉयरो की वजह से शहर में ध्वस्त हो चुकी कूड़ा उठान को लेकर सदन अखाड़ा बन गया। करीब दो घंटे तक चले सदन में निजी कंपनी के प्रतिनिधियों, नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी व पर्यावरण अभियंता से जवाब मांगा गया लेकिन सत्ता व विपक्ष के पार्षदों के बीच ही नोक-झोंक से समस्या को कोई हल नहीं निकल सका।

सदन की बैठक शुरू होते ही कांग्रेस पार्षदे मुकेश सिंह चौहान ने कूड़ा उठान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान ने कहा पहले पुष्टि पर चर्चा होगी। इस पर दोनों पक्षों में बहस हो गई। पिछले सदन की पुष्टि की कार्यवृत्ति पर सवाल उठाते हुए पार्षद ने कहा उनके व्यक्तव्य हो हटा दिया गया, ऐसा क्यों किया गया। भाजपा पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने भी आपत्ति जताई और उनके व्यक्तव्य को हटाने पर सवाल किया। हंगामे के बाद सोलर पैनल वाले मकानों को टैक्स में छूट न दिए जाने का मामला कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने सदन में रखा। इसी बीच भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि किसी को कुछ नहीं आता, चुनाव चिह्न देखता। इस बात पर महापौर सुषमा खर्कवाल भड़क गईं। उन्होंने नागेंद्र सिंह से कहा कि आपको दिक्कत है तो सदन छोड़कर चले जाइए। वहीं, नागेंद्र सिंह की बात पर भाजपा पार्षद मुन्ना मिश्रा ने कहा कि कोई सदन क्यों छोड़कर चला जाए? हम अपनी बात कहेंगे। इसके बाद नागेंद्र सिंह ने माफी मांगते हुए कहा कि उन्होंने मेयर को नहीं, बल्कि सिस्टम को कहा था। अगर मेयर को बुरा लगा तो इसके लिए वह माफी मांगते हैं। इसके बाद मामला शांत हो गया। इस बीच भाजपा पार्षद सौरभ सिंह मोनू व नामित पार्षद नेहा सिंह ने भी अपनी ही पार्टी के पार्षद के विरोध में उतर आए।

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी और पर्यावरण अधिकारी से मांगा जवाब :** कूड़ा उठान में ध्वस्त व्यवस्था पर महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी और पर्यावरण अधिकारी से जवाब मांगा कि असम में चुनाव के चलते निजी संस्था के कर्मियों के जाने से शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हुई। इस पर क्या काम किया गया? नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि स्वीपिंग का काम प्रभावित नहीं हुआ। एलएसए और लायन एनवायरो की जिम्मेदारी पर्यावरण अभियंता की है। पर्यावरण अधिकारी संजीव प्रधान ने कहा कि इसके लिए संस्थाओं को नोटिस जारी किया गया है। पार्षदों ने इस पर कहा कि आपने सिर्फ नोटिस जारी किया और कुछ नहीं किया।

**स्कूल भवनों के पुनर्मूल्यांकन का प्रस्ताव पारित :** शहर के सभी स्कूल भवनों का 15 मई 2026 तक पुनर्मूल्यांकन कराने का प्रस्ताव पास किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सदन में सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की ओर से नगर निगम के स्थायी कर्मचारियों के बच्चों के लिए ट्यूशन फीस में 50 प्रतिशत छूट देने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी टैक्स इंस्पेक्टरों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्राइवेट व्यक्ति के माध्यम से टैक्स वसूली न कराई जाए।

**सीएम ग्रिड योजना में सड़क निर्माण को मिली मंजूरी :** सदन में सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड, इग्नू रोड क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख मार्गों के निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही गोल मार्केट से कपूरथला चौराहा और रजनीखंड क्षेत्र में भी सड़क विकास कार्यों के लिए धनराशि की किश्तें स्वीकृत की गई। माननीय महापौर ने समस्त जोनल अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि सीएम ग्रिड की सड़कों पर अगर कोई भी अतिक्रमण पाया गया तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**सीवरेज और जल निकासी परियोजनाओं को स्वीकृति :** शहर में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु कई सीवरेज और जल निकासी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। लोहिया नगर, विकास नगर और भवानीगंज वार्ड क्षेत्र में नालों के निर्माण एवं कवरिंग के कार्य को मंजूरी दी गई। इसके अलावा अमौसी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भूमिगत पाइप द्वारा नाला निर्माण कार्य को भी स्वीकृति दी गई।

**तालाब और नदी संरक्षण पर विशेष ध्यान :** बैठक में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए तालाबों के सौंदर्यीकरण और संरक्षण से जुड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। आलमनगर वार्ड स्थित घोबीघाट तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य तथा कुकरैल नदी के डिसिल्टिंग कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत की गई।

**उपवन के विकास को मिला विशेष महत्व :** बैठक में शहर के उपवनों और पार्कों के विकास पर विशेष जोर दिया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पार्कों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए बजट स्वीकृत किया गया। ग्राम नटकुर के अंतर्गत विभिन्न खसरा नंबरों पर पार्क निर्माण और मियावाकी पद्धति से हरित क्षेत्र विकसित करने का निर्णय लिया गया। इससे शहर में हरित क्षेत्र बढ़ेगा, पर्यावरण संतुलन मजबूत होगा और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होंगे।

### यह प्रस्ताव भी हुए पास

- टैक्स वसूली के कार्य में निजी व्यक्ति नहीं लगेंगे
- पार्कों में सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव स्वीकृत
- ट्रांसफर स्टेशनों के निर्माण कार्य को 30 अप्रैल तक होंगे तैयार
- कार्यदायी संस्थाएं 75 प्रतिशत कर्मचारी लोकल स्तर पर भर्ती करें
- 10 महत्वपूर्ण शासनादेश अंगीकृत किये गये

### दस नामित पार्षदों ने मांगे अधिकार

नगर निगम सदन की बैठक में बुधवार को पहली बार 10 नामित पार्षद भी बैठे। हालांकि इन पार्षदों को बोलने का मौका नहीं मिला। इस बीच नामित पार्षद अखिलेश गिरी गले में हमारे भी अधिकार की तख्ती टांग सदन के बीच आ गए। इस पर मेयर ने कहा कि इसे निकालिए। बता दें कि शासन ने करीब 2 महीने पहले गणेश वर्मा, दीप जायसवाल, रूपचंद अग्रवाल, पंकज बोस, किशन पाल, संतोष सिंह बलखंडी, नेहा सिंह, अखिलेश गिरी, मधुबाला त्रिपाठी और पुरुषोत्तम पुरी को नामित पार्षद बनाया था। बुधवार को सभी सदन की बैठक में मौजूद थे। नियम के मुताबिक नामित पार्षदों को किसी तरह की निधि नहीं मिलती है और न ही वोटिंग करने का अधिकार प्राप्त है।

# हैदर कैनाल पर एलिवेटेड रोड से शहर से कनेक्ट होगी वरुण विहार योजना

- 50 मिनट का सफर 20 मिनट में होगा तय
- योजना के 02 सेक्टरों में जून माह से खुलेगा भूखण्डों का पंजीकरण

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित एलडीए की अब तक की सबसे बड़ी आवासीय योजना वरूण विहार मुख्य शहर से कनेक्ट होगी। इसके लिए हैदर कैनाल के समानांतर लगभग 11 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड विकसित की जाएगी। जिससे हजरतगंज से वरूण विहार का सफर मात्र 20 मिनट में पूरा होगा, जिसे अभी तय करने में 50 मिनट तक का समय लगता है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को वरूण विहार योजना का निरीक्षण करके एलिवेटेड रोड के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जी0एच0 कैनाल के समानांतर इस मास्टर प्लान रोड से शहर के 02 छोर सीधे कनेक्ट होंगे, जिससे यातायात सुगम होगा और योजना की उपयोगिता बढ़ेगी। योजना के 02 सेक्टरों क्रमशः कैलाश खण्ड एवं काशी खण्ड में जून, 2026 में लगभग 2100 भूखण्डों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा। उपाध्यक्ष ने इन दोनों सेक्टर व आसपास के क्षेत्र में ले-आउट के अनुसार 60 मीटर, 45 मीटर व 24 मीटर चैड़ी सड़कों के निर्माण के लिए शीघ्र टेंडर कराने के निर्देश दिये हैं। आगरा एक्सप्रेस-वे पर कुल 2664 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वरूण विहार योजना विकसित की जाएगी। जिसके लिए सदर व सरोजनीनगर तहसील के ग्राम-भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ एवं मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा एवं दोना की भूमि किसानों से सहमति के आधार पर खरीदी जा रही है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने दोना गांव में बने अस्थायी साइट ऑफिस में कैम्प करके अर्जन की कार्रवाई की समीक्षा की। इसमें प्रभारी अधिकारी-अर्जन विराग करवरिया ने अवगत कराया कि अभी तक 853 हेक्टेयर भूमि के सहमति पत्र प्राप्त हो चुके हैं, जिसमें से 335 हेक्टेयर भूमि का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में हो चुका है। इस पर उपाध्यक्ष ने सेक्टर वार विवरण तैयार करने के निर्देश दिये। जिससे नक्शे में यह स्पष्ट हो सके कि किस सेक्टर में कितनी भूमि खरीदी जा चुकी है और कितनी भूमि के सहमति पत्र मिले हैं। अनंत नगर योजना की कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए नादरगंज से टीएस मिश्र विद्यालय, मोहान रोड होते हुए किसान पथ तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाना है। जिसके लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उपाध्यक्ष ने मौके का निरीक्षण करके जल्द से जल्द कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जोनल अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त मार्ग पर स्थित सभी अवैध निमार्णों के खिलाफ नोटिस जारी करके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाए। इस मौके पर मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

# ओटीएस की आवास आयुक्त ने की समीक्षा

**लखनऊ।** एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिफॉल्टर आवंटियों को राहत देने तथा बकाया देयताओं के सरल और पारदर्शी निस्तारण के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में शासनादेश के अनुरूप बकायेदारों के चिन्हीकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी डिफॉल्टर आवंटियों की सूची अद्यतन और सटीक रूप से तैयार की जाए। साथ ही बकायेदारों को नोटिस भेजने की प्रगति पर भी चर्चा हुई और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित कर आवेदकों को योजना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। सहकारी समितियों के बकाये की वसूली तेज करने तथा प्रभावी कार्ययोजना लागू करने के निर्देश भी दिए गए। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग करने पर जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक पात्र आवंटी इसका लाभ उठा सकें। बैठक में जनहित पोर्टल पर लंबित म्यूटेशन, फ्रीहोल्ड, डुप्लीकेट आदेश और रिफंड मामलों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। लंबित रजिस्ट्रियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर भी बल दिया गया। इसके अलावा काशीद्वार योजना (वाराणसी), सौमित्र विहार योजना (लखनऊ), परसाखेरा योजना (बरेली), ग्रीन फील्ड टाउनशिप योजना (अयोध्या) तथा प्रतापगढ़ में प्रस्तावित योजना की प्रगति पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# ओपीडी में बढ़ी वायरल फीवर के मरीजों की संख्या

**लखनऊ।** राजधानी के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी। बुधवार को सिविल और बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी मिलाकर मरीजों की संख्या दर्जनों में पहुंच गयी, इनमें बड़ी-छोटी सभी आयु वर्ग के लोग शामिल थे, जो राजधानी के विभिन्न इलाके के रहने वाले थे। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल की ओपीडी में नये-पुराने मरीज मिलाकर ढाई हजार से अधिक आते हैं। अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डा. आशुतोष दुबे ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसका प्रमुख कारण मौसम में तेजी से हो रहा बदलाव है। आज एक दर्जन से अधिक मरीज वायरल फीवर की शिकायत लेकर आये, इनमें कइयों में मलेरिया के लक्षण प्रतीक होने पर खून की जांच करायी गयी है। इसी प्रकार बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में क़ई मरीज वायरल फीवर से पीड़ित होकर आये।

# कैंसर संस्थान में अत्याधुनिक एक्सरे इरेडिएटर का उदघाटन

**लखनऊ।** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान में मरीजों को और सुरक्षित खून मिलेगा। यहां के इम्यूनोहेमेटोलॉजी एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में अत्याधुनिक एक्सरे इरेडिएटर का उद्घाटन किया गया, इससे कैंसर मरीजों को बार-बार खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे मरीजों को आधुनिक मरीजों से जांचा-परखा खून मुहैया कराने की दिशा में कैंसर संस्थान प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। ब्लड बैंक में एक्सरे इरेडिएटर मशीन स्थापित की गई है। संस्थान के निदेशक डा. एमएलबी भट्ट के अनुसार नयी तकनीक से कैंसर मरीजों को दिए जाने वाले खून और सुरक्षित व बेहतर होगा। इम्यूनोहेमेटोलॉजी एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजू दुबे का कहना है कि एक्सरे इरेडिएटर खून की जांच के बाद भी बचे सूक्ष्म संक्रमण के जोखिम को किरणों से खत्म करने में मद्दगार है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. विजेंद्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डा. वरुण विजय, डीन डा. प्रमोद कुमार गुप्ता और कार्यकारी रजिस्ट्रार डा. आयुष लोहिया समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# कैंसर संस्थान में बजट के बावजूद एचआईएस नहीं हो पाया लागू

- संस्थान प्रशासन को दो कार्यदिवसों में रिपोर्ट शासन को होगी भेजनी

लखनऊ। चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान को टाटा मॉडल पर विकसित करने की योजना को तगड़ा झटका लगा है। संस्थान में हॉस्पिटल इनफॉरमेशन सिस्टम (एचआईएस) को विकसित करने में अफसरों ने हीलाहवाली की है। नतीजतन अभी तक संस्थान का ज्यादातर काम मैनुअल हो रहा है। मरीजों की भर्ती-डिस्चार्ज तक ऑनलाइन नहीं हो सका है जबकि शासन ने एचआईएस सिस्टम को विकसित करने के लिए बजट भी जारी किया था। शिकायत के बाद शासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। दो कार्यदिवस में संस्थान के निदेशक से रिपोर्ट तलब की है। कैंसर संस्थान में 300 से अधिक बेड पर मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। प्रतिदिन ओपीडी में 400 से अधिक मरीज आ रहे हैं। ओपीडी पंजीकरण से लेकर मरीज की भर्ती, डिस्चार्ज, जांच रिपोर्ट आदि मरीजों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने की योजना बनी। इसके लिए सरकार ने बजट भी आवंटित किया अफसरों ने एचआईएस को संस्थान में विकसित करने में सुस्ती दिखाई। कंपनी के चयन के लिए टेंडर जारी करने में भी देरी की। नतीजतन वित्तीय वर्ष बीत गए। अभी तक एचआईएस संस्थान में विकसित नहीं हो पाया।

15 अप्रैल को शासन में अनुसचिव ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ल संस्थान के निदेशक से रिपोर्ट तलब की है। शासन ने पत्र में जेम के माध्यम से चार टेंडरों में अनियमित्ता के आरोपों पर रिपोर्ट मांगी है। संस्थान प्रशासन को दो कार्यदिवसों में रिपोर्ट शासन को भेजनी होगी।

### एचआईएस के फायदे

- एचआईएस से अस्पतालों में कामकाज को डिजिटल और आसान बनाने में मदद मिलेगी
- मरीजों की पूरी मेडिकल हिस्ट्री, जांच रिपोर्ट और इलाज का रिकॉर्ड एक जगह सुरक्षित रखा जा सकेगा
- डिजिटल सिस्टम होने से फाइलों और कागजों पर निर्भरता कम होगी। समय और संसाधनों की बचत होगी।
- बेड मैनेजमेंट, बिलिंग, दवाओं का स्टॉक और स्टाफ मैनेजमेंट जैसे काम आसान होंगे
- जल्दी रजिस्ट्रेशन, कम इंतजार और बेहतर सेवा मिलने से मरीजों का अनुभव बेहतर होता है।
- डाक्टरों को रियल टाइम डेटा मिलने से सही और जल्दी निर्णय लेने में मदद मिलेगी। जिससे इलाज अधिक प्रभावी होगा

# माल क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई डॉ. आंबेडकर जयंती

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल क्षेत्र के विभिन्न गांवों और चौराहों पर संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के युवा नेता नरेंद्र कुमार गौतम अपने समर्थकों के साथ दर्जनों गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। ग्राम पंचायत कठवारा, रघुनाथपुर, गोड़वा, पिपरी कुराखर, देवरी गजा, ढोल बजा, जगदीशपुर, रायपुर, दिघारा, बहरौरा, भवानी खेड़ा, राजगढ़, अकबरपुर साहमऊ और कंधरतला सहित कई गांवों में आयोजित समारोहों में उन्होंने भाग लिया। कार्यक्रमों के दौरान डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों को स्मरण किया गया। अपने संबोधन में नरेंद्र कुमार गौतम ने डॉ. आंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों से बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और पूरे क्षेत्र में जयंती समारोह को लेकर उत्सव का माहौल देखने को मिला।

# स्कूल की जमीन बचाने को सड़कों पर उतरे लोग, पैदल मार्च कर सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। राजधानी के पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलीबाग में स्थित राम भरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज की भूमि को बचाने की मांग को लेकर बुधवार को स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। तेलीबाग सामाजिक एवं जन कल्याण समिति के बैनर तले क्षेत्रीय नागरिकों ने पैदल मार्च निकालते हुए प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा और अवैध कब्जे व भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। समिति के अध्यक्ष एम.एल. गुप्ता के नेतृत्व में निकाला गया यह पैदल मार्च शनि मंदिर से शुरू होकर हनुमान मंदिर तक पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और स्कूल की जमीन को बचाने की मांग उठाई। मार्च के दौरान ह्लस्कूल की नीलामी बंद करोह्व जैसे नारे भी गूंजते रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विद्यालय की कीमती जमीन पर भू-माफियाओं और प्रबंधन के कुछ लोगों की मिलीभगत से अवैध रूप से लीज और बिक्री का खेल लंबे समय से चल रहा है। इससे न केवल विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि संस्था का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। ज्ञापन में समिति ने बताया कि वर्ष 1952 में स्वर्गीय लाला राम भरोसे मैकूलाल द्वारा इस इंटर कॉलेज की स्थापना गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। वर्ष 1959 के समझौते में स्पष्ट किया गया था कि भूमि का उपयोग केवल शैक्षिक, कृषि व खेल गतिविधियों के लिए ही होगा और किसी भी प्रकार का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके बावजूद आरोप है कि वर्तमान प्रबंधन ने नियमों को दरकिनार करते हुए करीब 24-25 एकड़ भूमि के बड़े हिस्से को लीज पर देकर दुकानों के रूप में बेच दिया। वहीं, कुछ शिक्षण कक्षों का भी व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसे शिक्षा के मूल उद्देश्य के खिलाफ बताया जा रहा है। समिति का कहना है कि विभागीय व न्यायिक जांच में कई अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं लग पाई है। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि विद्यालय में पढ़ रहे करीब ढाई हजार छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी शिक्षा प्रभावित हो सकती है। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद के एन सिंह व नामित पार्षद नेहा सिंह भी मौजूद रहे। इनके अलावा नंदन यादव, उर्मिला सिंह, आनंद कुशवाहा, बीनू यादव, शुभम ठाकुर, आरती भास्कर, गोकर्ण यादव, मंशाराम शुक्ला समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व पटरी दुकानदार शामिल हुए। पार्षद के एन सिंह व नेहा सिंह ने कहा कि इस मामले से सरोजनीनगर के विधायक को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द उचित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। समिति ने मुख्यमंत्री से उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और विद्यालय की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

# फर्जी जेवरात पर लोन दिलाने में धोखाधड़ी, दो पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गहदो स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में फर्जी जेवरात के मूल्यांकन के जरिए लोन दिलाने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बैंक के अधिकृत वैल्यूवर सत्यम सोनी और लोन लेने वाले माल थाना क्षेत्र निवासी संतोष कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला के अनुसार, 27 फरवरी 2023 को संतोष कुमार ने जेवरात गिरवी रखकर लोन के लिए आवेदन किया था। बैंक के अधिकृत वैल्यूवर सत्यम सोनी ने जेवरों का परीक्षण करते हुए उन्हें 185.038 ग्राम शुद्ध 24 कैरेट सोना बताया। इस आधार पर बैंक ने संतोष को 7.14 लाख रुपये का लोन स्वीकृत कर दिया।

बैंक अधिकारियों के मुताबिक, छह महीने तक कोई किस्त जमा न होने पर 29 अगस्त 2023 को रिकॉल नोटिस भेजा गया, लेकिन आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद बैंक ने जेवरात का पुनः मूल्यांकन कराया, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में जेवरात की शुद्धता मात्र 18 कैरेट और वजन करीब 19.300 ग्राम पाया गया, साथ ही जेवरात सोने के बजाय अन्य धातु के निकले।

मामले की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन कार्रवाई न होने पर बैंक को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के निर्देश पर रहीमाबाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 1200 झुग्गियां जलीं, पटाखों की तरह सिलेंडर फटे, 5 किमी दूर तक दिखीं लपटें...लखनऊ में आग से सैकड़ों परिवार बेघर

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बुधवार शाम आगजनी की एक बड़ी घटना घटी. विकास नगर सेक्टर-12, रिंग रोड किनारे बसी अवैध झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके को जलाकर राख कर दिया. देखते-ही-देखते आग ने करीब 1200 झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया. झोपड़ियों में रखे लगभग 100 गैस सिलेंडर एक के बाद एक धमाके के साथ फटे, जिसकी आवाज पूरे क्षेत्र में गूंजती रही. आग की लपटें और धुएं का गुबार पांच किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया. बताया जा रहा कि आग की शुरूआत शाम करीब पांच बजे एक मस्जिद नुमा झोपड़ी से हुई. स्थानीय लोगों ने तुरंत बुझाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे. आरोप है कि पुलिस कंट्रोल रूम को फोन करने में देरी हुई और सूचना मिलने के करीब एक घंटे बाद ही फायर ब्रिगेड व पुलिस की गाड़ियां पहुंचीं. इस देरी ने आग को विकराल रूप दे दिया.

### भगदड़ मची, जान बचाने को भागे लोग

आग लगते ही बस्ती में अफरा-तफरी मच गई. लोग चीखते-चिल्लाते अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे. सड़क पर भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई. आसपास की दुकानें बंद कर दी गईं और रिंग रोड का यातायात पूरी तरह ठप हो गया. खुर्रम नगर, विकास नगर और मिनी स्टेडियम इलाके में घंटों जाम लगा रहा. बस्ती में रखे गैस सिलेंडरों के धमाकों ने पूरे इलाके को दहला दिया. स्थानीय लोगों का कहना है कि आग में दो गायों समेत करीब 50 बकरियां जिंदा जल गईं. हालांकि पुलिस और प्रशासन ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है. कुछ बच्चे लापता बताए जा रहे हैं. पुलिस व प्रशासन की टीमें बस्ती में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं.

### 22 फायर टैंकरों ने आग पर काबू पाया

आग की भयावहता देखते हुए लखनऊ फायर ब्रिगेड की 22 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. डीजी फायर सुजीत पांडेय, पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर, जिलाधिकारी विशाख. जी, एसडीआरएफ की टीम और डॉक्टरों की टीम तुरंत बुलाई गई. रात 10 बजे तक फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया. आग को फैलने से रोकने के लिए बस्ती के आसपास बने 30 पक्के मकानों को खाली करा लिया गया.

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिया संज्ञान

घटना की सूचना मिलते ही रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने जिलाधिकारी से फोन पर बात की. उन्होंने राहत-बचाव कार्यों को तेजी से चलाने के सख्त निर्देश दिए. राजनाथ सिंह ने कहा, प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद दी जाए. घायलों का तुरंत समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए. जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रहा है. हालांकि स्थानीय लोगों ने पुलिस व प्रशासन पर देरी का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई. मौके पर नाराज भीड़ और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई.

# बेकाबू ट्रक घर में घुसा, बड़ा हादसा टला, घंटो जाम रहा मार्ग

अमन लेखनी समाचार



घर में घुसा ट्रक – फोटो

लखनऊ। बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे बिजली पोल को टक्कर मारते हुए घर में घुस गया। हादसे में केसरीपुर निवासी चालक सराफत को हल्की-फुल्की चोट पहुंची और लंबा जाम लग गया। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह साढ़े 9 बजे रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अनीपुर गांव में गहदो की ओर से आ रहे ट्रक चालक काफी नशे में था जिससे चालक वाहन से नियंत्रित खो बैठा और वाहन सड़क किनारे बिजली के पोल को तोड़ते हुए घर में जा घुसा जिससे कमरे सहित बरामद और टीनशेड भरभराकर का नीचे जा गिरा गनीमत रही घर वाले इसकी चपेट में नहीं आए नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। घटना के बाद चारों तरफ कोहराम मच गया। महेंद्र ने बताया कि घटना के समय घर में पिता रामऔतार, चाचा राम प्रसाद, चाचा श्रीमती, पत्नी शंकुतला, बेटी अर्पिता, बेटा अभिषेक, छोटा बेटा अखिलेश, भाई प्रवीण कुमार और उसका बेटा और पत्नी रामादेवी, चाचा की बहू अनुराधा उनका बेटा प्रदीप और पोती रिया, पोता शिव उस समय स्कूल गया हुए थे। घटना के समय पिता रामऔतार बरामदे में खड़े थे। उसने तेज रफ्तार ट्रक आता देख आनन फानन घर के अन्दर आंगन में पहुंच गए तब जाकर उनकी जान बची। और मौके पर अफरा तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए आक्रोशित ग्रामीणों ने रहीमाबाद गहदो मार्ग पर बांस बल्ली डालकर जाम लगा दिया। जाम में घंटों एक एंबुलेंस भी फंसी रही। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। काफी समझाने के बाद भी परिजन क्षतिग्रस्त हुए मकान की भरपाई की मांग करते रहे। परिजनों की मांग पर मलिहाबाद तहसील प्रशासन पहुंचा परिजनों को मुआवजे का आश्वासन देकर डेढ़ घंटे बाद जाम खुला। जिसके बाद जेसीबी को बुलाकर किसी तरह ट्रक को महेंद्र के मकान से बाहर निकालवाया गया। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि चालक को हिरासत में लेकर पीड़ित की तहरीर पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **ई–प्रापण निविदा सं.: DYCE-CON-BR-EPC-01-2026, Closing dated: 20.08.2026; कार्य का नाम:** सहजनवा–दोहरीघाट नई रेल लाइन परियोजना, पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत महत्वपूर्ण पुल सं. 04 (20x61.00 मी. ओपन वेब गर्डर) का निर्माण कार्य; **अनुमानित निविदा मूल्य (₹):** ₹1,95,09,52,818.35; **बयाना राशि (₹):** ₹3,90,19,100/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** 0.00; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 (चौबीस) माह। • बिड प्रारम्भ करने की तिथि – दिनांक **06.08.2026.** • उपरोक्त ई–निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि–दिनांक **20.08.2026,** 16:00 बजे तक. • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक **20.08.2026,** 16:00 बजे. • निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे। **श्री सुनील कुमार सिंह/निर्माण/पुल–II/गोरखपुर, 9794844284.**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/पुल

मुजाधि/डब्ल्यू–24 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# तहसील बार एसोसिएशन चुनाव : राम नरेश यादव 37 वोट से अध्यक्ष निर्वाचित

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव।तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री प्रशासन और कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान के बाद तीन बजे मतगणना शुरू हुई। परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों को अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया अध्यक्ष पद के लिए राम नरेश यादव और दाता राम शुक्ला के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें राम नरेश यादव को 104 मत मिले, जबकि दाता राम शुक्ला को 67 मत मिले। राम नरेश यादव ने 37 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सलिल त्रिपाठी ने 154 मत मिले, जबकि अब्दुल लतीफ उस्मानी को 20 मतों से संतोष करना पड़ा।कोषाध्यक्ष पद के लिए ज्ञानेंद्र सिंह और सुशील कुमार के बीच कांटे की टक्कर रही, जिसमें ज्ञानेंद्र सिंह ने 88 मत मिले वही सुशील कुमार को 84 मत मिले चार मतों से सुशील कुमार को हार का सामना करना पड़ा।

संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर आलोक रावत ने 90 मत पाकर ,राजेंद्र पाठक को 83 मत मिले ।अन्य पदों पर विनोद कुमार रावत महामंत्री, प्रमोद यादव उपाध्यक्ष मध्य, रोहित कुमार यादव उपाध्यक्ष कनिष्ठ, अखिलेश कुमार मंत्री पुस्तकालय तथा कनिष्ठ सदस्य पद पर कुलदीप सिंह, शशिकांत, विजय सिंह और भानु प्रताप विजयी घोषित किए गए।

चुनाव अधिकारी श्याम किशोर एवं सहायक चुनाव अधिकारी कौशल पाण्डेय ने बताया कि सभी अधिवक्ताओं के मतों की गणना के बाद परिणाम घोषित किए गए और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# मातृशक्ति द्वारा भव्य स्कूटी रैली व अन्य कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) के समर्थन में आज भाजपा महिला मोर्चा द्वारा ₹मातृशक्ति द्वारा भव्य स्कूटी रैली, नारी शक्ति श्रृंखला और दीवार हस्ताक्षर₹ कार्यक्रम किए गए।यह अधिनियम लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित कर,उन्हें नीति-निर्माण की मुख्यधारा में लाने जा रहा है।आज की रैली में सहभागिता कर रही महिला कार्यकताओं और आम महिलाओं ने इस कानून को समय पर लागू करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट किया और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक युगांतरकारी कदम बताया। पुलिस लाइन के मैदान में मातृशक्ति ने 'नारी शक्ति श्रृंखला' बनाकर एकता का प्रदर्शन किया।श्रृंखला में मातृशक्ति ने मोदी सरकार के प्रति आभार व्यक्त करने वाले नारे लिखी तख्ती अपने हाथों में ले रखी थी।इसके साथ ही ₹नारी शक्ति वंदन₹ के समर्थन में दीवारों पर हस्ताक्षर कर महिलाओं ने अपने संकल्प को रेखांकित किया। इसके पश्चात महिला मोर्चा ने पुलिस लाइन के मैदान से स्कूटी रैली निकाली।जो शहर के मुख्य चौराहो से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची।रैली का नेतृत्व स्वयं सदर विधायक पंकज गुप्ता और जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी कर रहे थे। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बताया कि यह कानून 2029 तक लागू हो, इस पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सके। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम अति महत्वपूर्ण है।इसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित की गई हैं। इससे यह अधिनियम केवल आरक्षण नहीं, बल्कि महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार भी बना रहा है। कार्यक्रम में आज मंजू मिश्रा,मधु निगम,प्रीति शर्मा,किशोरी त्रिवेदी ,ममता द्विवेदी,नीलम सिंह, श्रद्धा बाजपेई,ममता सिंह,शोभा पांडेय, सरिता सिंह,ज्योति तिवारी, ललिता, नीतू सिंह सेंगर,विनीता शुक्ला,दिव्या शुक्ला,मीडिया प्रभारी विजय द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सोलर सर्किट से लगी आग हजारों की गृहस्थी जलकर राख

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत सोलर सर्किट से लगी आग से दो घरों की गृहस्थी जल कर खाक हो गयी। गाँव वालों की सूझबूझ व एकजुटता से आग पर काबू पा लिया गया। थाना क्षेत्र के धर्मपुर मजरे दुलीखेड़ा में अवधेश पुत्र ठाकुरदीन के घर लगे सोलर पैनल में शॉर्ट सर्किट हो गया जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक आग ने भयावह रूप ले लिया। आग ने पड़ोसी घर बिंदादेई पत्नी स्व०गंगाराम के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। गाँव वालों की मदद से समर सबल चला किसी प्रकार आग पर काबू पा लिया गया लेकिन तब तक इन घरों में पलंग,अलमारियां,कपड़े,अनाज,आदि लगभग पाँच लाख की गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। फायर ब्रिग्रेड को सूचना दिए जाने पर भी मौके पर नही पहुँच सकी। देर शाम तक क्षेत्रीय लेखपाल भी नुकसान का आकलन करने नही पहुँच सके।

### पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर दो छात्र घायल

उन्नाव।सण्डीला मार्ग पर बुधवार को एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी।इस हादसे में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक छात्र की हालत नाजुक बताई जा रही है।माखी थाना क्षेत्र के मिजार्पुर कला गांव के पास हुई।घायल छात्रों की पहचान लखनऊ जनपद के बंथरा थाना क्षेत्र स्थित सबसुख खेड़ा निवासी विमल (22) पुत्र पप्पू और उसके साथी राम सनेही के रूप में हुई है।विमल और राम सनेही माखी थाना क्षेत्र के मिजार्पुर कला स्थित एक डिग्री कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा देने आए थे। दोपहर लगभग दो बजे परीक्षा खत्म होने के बाद वे बाइक से अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्रों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर दिनेश कुमार ने विमल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन उसे लखनऊ के किसी निजी अस्पताल ले गए हैं।

### गैर जनपद मे तैनात दीवान की बीमारी के चलते हुआ निधन

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी मजरे बिहार निवासी सुल्तानपुर जनपद में तैनात दीवान की बीमारी के दौरान लखनऊ के ट्रमा सेन्टर में निधन हो गया थाना क्षेत्र के गढ़ी बिहार निवासी सुमित वर्मा 34 पुत्र उमाशंकर कोरी सुल्तानपुर जनपद मे पुलिस लाइन मे दीवान पद पर तैनात था ।वह2011बैच मे सिपाही पद पर भर्ती हुआ था ।जो काफी समय से बीमार चल रहा था । सोमवार की रात लखनऊ के ट्रामा सेन्टर मे इलाज के दौरान रात मे मौत हो गई ।शव मंगलवार को पुलिस लाइन सुल्तानपुर ले जाया गया ।जहां से शव पैतृक गांव लाया गया ।बिहार थाना पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया ।शाम को बक्सर घाट मे गार्ड आफ आनर दिया गया । बडे भाई अमित ने मुखाग्नि देकर अन्तिम संस्कार किया गया ।मृतक का शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया । मृतक को दो बेटे आरव 6वर्ष व विवान 3 वर्ष है मां सुमित्रा एव पत्नी नीतू देवी का रो रो कर बुरा हाल है ।

# बाइक पर पीछे बैठा युवक नीचे गिरा डंपर की चपेट से मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।सुबह करीब 6 बजे एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय युवक गुड्डू उर्फ सरताज अली की मौत हो गई। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास यह घटना हुई, जब वह अपनी मोटरसाइकिल से गिरकर एक अज्ञात डंपर की चपेट में आ गया।कानपुर नगर के सत्ती पुरवा मछरिया निवासी गुड्डू उर्फ सरताज अली अपने साथी मोहम्मद उस्मान के साथ लखनऊ से कानपुर नगर स्थित अपने घर जा रहे थे। मोटरसाइकिल (वढ 78 व्हह 0133) पर पीछे बैठे गुड्डू को नींद आ गई, जिससे वह सड़क पर गिर गया।गिरने के तुरंत बाद पीछे से आ रहे एक अज्ञात डंपर ने उसे कुचल दिया, जिससे गुड्डू की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उसके साथी मोहम्मद उस्मान को मामूली चोटें आई हैं।

सूचना मिलने पर सोहरामऊ थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक गुड्डू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।मृतक के पंचायतनामा की कार्यवाही की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है और कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

# गांधी तिराहे के सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों का किया गया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर के प्रमुख गांधी तिराहे के सौंदर्याकरण और विकास कार्यों का बुधवार दोपहर लोकार्पण किया गया। सांसद साक्षी महाराज और जिलाधिकारी गौरांग राठी ने संयुक्त रूप से करोड़ों रुपये की लागत से विकसित इस तिराहे का उद्घाटन किया।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोकार्पण के दौरान तिराहे पर हुए विभिन्न विकास कार्यों, आकर्षक कलाकृतियों और जनसुविधाओं का निरीक्षण किया।इस परियोजना में बेहतर प्रकाश व्यवस्था, सड़क का चौड़ीकरण और आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करना शामिल है।तिराहे को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने के लिए विशेष डिजाइन तैयार किया गया है। इसी अवसर पर एक ₹पिंक बूथ₹ का भी शुभारंभ किया गया।यहां महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को बढ़ाना तथा शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि उन्नाव जनपद का इतिहास समृद्ध और गौरवशाली रहा है। यहां कई महान विभूतियों ने जन्म लिया और देश की आजादी व विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इन हस्तियों की स्मृति को संरक्षित रखने और नई पीढ़ी को उनके योगदान से अवगत कराने के लिए ₹गौरव शिला₹ का निर्माण किया गया है, जिसमें उनके जीवन और कार्यों को दशार्या गया है। तिराहे पर ₹कलम और तलवार की धरती₹ थीम पर आधारित एक विशेष कलाकृति भी स्थापित की गई है। यह कलाकृति उन्नाव की ऐतिहासिक, साहित्यिक और वीरता की परंपरा को दशार्ती है।जिलाधिकारी ने कहा कि यह कलाकृति उन्नाव की साहित्य और वीरता के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान को जीवंत करती है। सांसद साक्षी महाराज ने भी इस विकास कार्य की सराहना की।उन्होंने कहा कि इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।सांसद ने ऐसे प्रयासों को शहर को स्मार्ट और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# खेलते समय बालू के ढेर में दबकर तीन वर्षीय मासूम की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज ईंट भट्ठे में कार्यरत श्रमिक की तीन वर्षीय बेटी बालू के ढेर में खेलते समय उसमें दबकर मौत हो गई।काफी देर खोजने के बाद शव मिलने पर कोहराम मच गया।परिजनो द्वारा शव का पोस्टमार्टम न कराए जाने की मांग पर शव उनके सुपुर्द कर दिया गया।बिलासपर छत्तीसगढ़ निवासी पप्पू अचलगंज के मवैया माफी स्थित एक बिक्र फील्ड में श्रमिक है बुधवार को जब माता पिता ईंट की बना रहे थे उसी दौरान उनकी 3 वर्ष की बेटी काव्या थोड़ी दूरी पर जमा पीली बालू के ढेर में खेल रही थी खेलते समय बालू का टीला धसने से बच्ची उसमें दब गई। माता पिता जब घर आए तो बेटी न मिलने पर खोजबीन चालू किया।दोपहर 11 बजे करम नाम के श्रमिक ने जब बालू के टीले को खोदा तो काव्या का शव दबा मिला।ईंट भट्ठे पर कोहराम मच गया। भट्ठा मुनीम जितेंद्र की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर बृजेश शुक्ल ने मौके की जांच पड़ताल किया।परिजनो द्वारा पोस्टमार्टम न कराए जाने की मांग पर लिखापढ़ी के बाद शव उनको सौंप दिया गया।मृतका दो बहन एक भाई में सबसे छोटी थी घटना के बाद मां तीजमती रो रो कर बेहाल रही।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सरकारी विद्यालयों में लगातार कम हो रहीं छात्र संख्या को देखते हुए अब विभाग के एआरपी, एनपीआरसी तथा शिक्षको ने छात्र संख्या में बढ़ोत्तरी के लिए कमर कस ली है इसके लिए विभाग द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है

₹स्कूल चलो अभियान₹ के आखिरी दिन कई स्कूलों में रैलियां निकाल कर अधिकारियों और शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर प्रत्येक बच्चे को विद्यालय भेजने का संदेश दिया गयो

इसी कड़ी में कम्पोजिट स्कूल रनियाँमऊ के शिक्षकों और छात्रों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रैली निकाली गईशिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना और ड्राप आउट बच्चों को कम करना हैएआरपी ऋतु त्रिवेदी ने कहा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से दक्ष बनाना प्राथमिकता है रैली के दौरान मम्मी पापा हमें पढ़ाओ- स्कूल चलो नाम लिखाओ और घर-घर विद्या दीप जलेगा- हर बच्चा स्कूल चलेगा जैसे नारे गूंजते रहेविद्यालय में आयोजित हुए समारोह में एआरपी ऋतु त्रिवेदी को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया और उपस्थित सभी बच्चों को उपहार व मिष्ठान वितरित किया गयोकार्यक्रम में अमित तिवारी, देवेन्द्र त्रिपाठी, संतोषी देवी, अनूप साहू, कृपा शंकर, राहुल सिंह, पूनम देवी, किरण, हेमामालिनी, राधा देवी आदि उपस्थित रहे

# मातृ नवजात शिशु कक्ष का विधायक ने किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे सरकार द्वारा स्वस्थ माता सुरक्षित बच्चा के तहत फोटोथेरेपी रिडिएन्ट वार्मर कक्ष का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने किया ।नवजात शिशु के जन्म के समय उनकी सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों मे बनाई जा रही स्वस्थ माता सुरक्षित बच्चा योजना के तहत स्पेशल यूनिट का बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन मे फोटोथेरेपी रेडियन्ट वार्मर कक्षा का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने किया। सी एच सी के डा सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि इस कक्षा के बन जाने से पैदा होने वाले नवजात शिशुओं को होने वाली बीमारी से बचाव के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता था ।इस के निर्माण होने से देहात क्षेत्र की पी एच सी व सी एच सी मे पैदा होने वाले नवजात शिशुओं को बाहर नही ले जाना पड़ेगा ।कक्ष के लोकार्पण होने से गांव देहात के लोगों ने सरकार की इस योजना और कार्यक्रम की सराहना की है ।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी ,अश्वनी पाण्डेय लैब टेक्नीशियन , देवेश कुमार फार्मेसिस्ट , प्रवीन चौधरी , पीयूष सिंह , स्टाफ नर्स प्रियंका यादव, सुकन्या गुप्ता आदि मौजूद रहे

# बाइक सवार स्टंट बाज युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मुख्य मार्गों पर जानलेवा स्टंट कर लोगों की जान जोखिम में डालने वाले बाइक सवार के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में स्टंटबाजी करने वाले युवकों में हड़कंप मच गया है और आम लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊ निवासी आकिब खान पुत्र जुल्फिकार उर्फ चिंकू काफी समय से नगर के व्यस्त मार्गों पर बाइक से खतरनाक स्टंट कर राहगीरों को डराने के साथ ही दुर्घटना की आशंका पैदा कर रहा था। नागरिकों द्वारा इसकी कई बार शिकायत भी की गई थी। कोतवाली के उप निरीक्षक अन्सार हुसैन रिजवी अपने हमराह सिपाही रजत कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त के लिये निकले थे। तभी उन्होंने आकिब को सड़क पर स्टंट करते हुए देखा और तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी की बाइक को सीज कर दिया और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से स्टंटबाज युवकों में खौफ का माहौल है। वहीं नागरिकों ने पुलिस के इस कदम की सराहना की है ।

# चिकित्सक के दस्तावेज जांच में निकले फर्जी धोखाधड़ी का मुकदमा हुआ दर्ज

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बगहा पोस्ट कुलहा निवासी अंशु पटेल पुत्र देवनारायण ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मैं अपना सेंटर बीघापुर डायग्नोसिस सेंटर के नाम से बीघापुर में अल्ट्रासाउंड के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन किया था जिसमें अल्ट्रासाउंड कराने के लिए डॉक्टर केसारी लाल रमन (एमबीबीएस डीएमआरडी) निवासी रोहित नगर नरिया लंका वाराणसी उत्तर प्रदेश से संपर्क कर उसे शैक्षिक कागजात प्राप्त कर अपने आवेदन में चिकित्सक के रूप में लाया चिकित्सक कार्यालय की प्राप्तांक संख्या 2025 /2026/ 8830 जो दिनांक 15.9.2025 के माध्यम से अवगत कराया जो चिकित्सक के दस्तावेज फर्जी हैं जिलाधिकारी उन्नाव की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी सलाहकार की बैठक में निर्णय लिया गया कि मेरे द्वारा डॉ केसारी लाल रमन के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कराए अन्यथा मुझे दोषी मानते हुए चिकित्सक के रूप में मेरे विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा जब मैं समस्त दस्तावेजों तहरीर के साथ थाने में दिया तहरीर के आधार पर पुलिस ने चिकित्सा के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# सायकिल सवार युवक को हेलमेट पहने देख लोग हुए अचंभित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।शहर के बड़ा चौराहा पर मंगलवार रात एक साइकिल सवार को हेलमेट पहने देखकर लोग हैरान रह गए। आमतौर पर दोपहिया वाहन चालकों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला हेलमेट साइकिल पर पहने इस व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साइकिल सवार व्यक्ति आराम से बड़ा चौराहा से गुजरता दिख रहा है, जिसने अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन रखा है। आसपास खड़े कुछ युवक उसे देखकर मुस्कुराते हुए टिप्पणी करते नजर आए। वीडियो में एक युवक साइकिल सवार से कहता सुनाई दे रहा है, 'दादा बढ़िया काम कर रहे हो, एक नम्बर आदमी हो' इस पर आसपास मौजूद अन्य लोग भी हंसते और मजाक करते दिखाई दिए। कई लोगों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए कई लोगों ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि शायद साइकिल सवार को पुलिस चालान का डर था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि व्यक्ति ने हेलमेट मजाक में पहना था या अपनी सुरक्षा के लिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के व्यस्त चौराहों पर ऐसे अनोखे दृश्य कभी-कभी देखने को मिल जाते हैं। कुछ लोगों ने इस घटना को सकारात्मक नजरिए से भी देखा, उनका मानना है कि सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना एक अच्छी आदत है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। कस्बा के मोहल्ला सुभाष नगर पश्चिमी में बुधवार को एक विवाहिता युवती का शव घर के अन्दर फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ला निवासी धीरज जो कस्बे में एक परचून की दूकान चलाकर जीवन यापन करते हैं उनकी पत्नी वंदना उम्र लगभग पैंतीस वर्षीय का शव बुधवार को घर के अन्दर लटकता मिला। जिससे हड़कंप मच गया। परिजन उसके द्वारा यह कदम उठाए जाने के पीछे का कोई कारण स्पष्ट नहीं कर सके।

# स्कूल चलो अभियान के प्रचार हेतु एलईडी वैन का संचालन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। ब्लॉक क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वैन का संचालन किया गया। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।अभियान के दौरान अर्पित मिश्रा और प्रमोद कुमार विभिन्न स्थानों पर आम जनमानस के बीच मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है।

## सम्पादकीय

# कूटनीति की मेज पर फिर बढ़ा अविश्वास का साया

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव को लेकर इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चली दो दौर की लंबी और बहुप्रतीक्षित वार्ता बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गई। करीब 21 घंटे तक चली इस बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने साफ शब्दों में कहा कि हमने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव दे दिया है, अब देखना है कि ईरान इसे स्वीकार करता है या नहीं। यह बयान केवल एक असफल वार्ता का संकेत नहीं, बल्कि वैश्विक कूटनीति में गहराते अविश्वास और टकराव की नई परतों को भी उजागर करता है। इस पूरे घटनाक्रम में इस्लामाबाद एक अहम कूटनीतिक मंच बनकर उभरा, जहां पाकिस्तान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। वेंस द्वारा पाकिस्तान की सराहना यह दर्शाती है कि वार्ता की विफलता का कारण मेजबान देश नहीं, बल्कि दोनों पक्षों के बीच बुनियादी मतभेद हैं। खासकर परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में ढील और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहमति का अभाव साफ नजर आया। वार्ता के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान का टोल टैक्स वसूलने का निर्णय और उस पर अमेरिका की नाकाबंदी की चेतावनी खाड़ी में एक बड़े संघर्ष की नींव रख रही है। यह स्पष्ट है कि ईरान अब अपनी शर्तों पर क्षेत्रीय दबदबा बढ़ाना चाहता है, जो न केवल अमेरिका के लिए, बल्कि भारत सहित पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं (तेल और गैस) के लिए मिडिल ईस्ट पर बहुत अधिक निर्भर है। होर्मुज में चल रहे इस विवाद से भारतीय जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है और ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं। दूसरी तरफ, अमेरिका की प्राथमिक चिंता ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। वेंस ने दो टूक कहा कि अमेरिका को साफ और ठोस प्रतिबद्धता चाहिए कि ईरान भविष्य में परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा। हालांकि, ईरान की ओर से इस पर कोई स्पष्ट आश्वासन न मिलना इस वार्ता के टूटने की बड़ी वजह बना। यह स्थिति बताती है कि 2015 के परमाणु समझौते के बाद जो भरोसा धीरे-धीरे बना था, वह अब लगभग समाप्त हो चुका है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख भी कम चिंताजनक नहीं है। उनका यह कहना कि समझौता हो या न हो, कोई फर्क नहीं पड़ता, यह कूटनीति की गंभीरता को कमतर आंकने जैसा है। ट्रंप की आक्रामक रणनीति और त्वरित परिणामों की चाह, दीर्घकालिक शांति प्रयासों के रास्ते में बाधा बनती दिख रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का अहम मार्ग है और इसका बंद होना न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। इस पूरी प्रक्रिया में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि लगभग आधी सदी की दुश्मनी के बाद दोनों देश आमने-सामने बैठे। यह अपने आप में एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट है कि संवाद की यह शुरुआत बेहद नाजुक है। अगर इसे सही दिशा नहीं मिली, तो यह अवसर भी अतीत की तरह विफलता में बदल सकता है। इस्लामाबाद वार्ता की असफलता यह संदेश देती है कि केवल फाइनल ऑफर देने से कूटनीति सफल नहीं होती। इसके लिए धैर्य, लचीलापन और आपसी भरोसे की आवश्यकता होती है। अंततः, यह वार्ता भले ही किसी समझौते पर खत्म न हुई हो, लेकिन इसे एक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। एक ऐसा अवसर, जो भविष्य में संवाद के नए रास्ते खोल सकता है। यदि दोनों पक्ष अपने रुख में नरमी लाते हैं और क्षेत्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं, तो यह असफलता भी एक बड़ी सफलता की भूमिका बन सकती है।

# 'अभी न जाओ छोड़ कर...'



श्रद्धा स्मरण
डॉ. घनश्याम बादल

> भारतीय सिने-संगीत की समृद्ध परंपरा में आशा भोसले का नाम एक ऐसे स्वर के रूप में दर्ज है, जिन्होंने समय, शैली और सीमाओं को लगातार लांघते हुए हर पीढ़ी को अपना मुरीद बनाया। 8 सितंबर 1933 को सांगली में जन्मीं आशा, अपने समय के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ-गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री थीं और उसी संगीत-सिक्त वातावरण में पली-बढ़ीं, जहां सुर ही जीवन का पहला और अंतिम सत्य था। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियां अचानक उनके और बड़ी बहन लता मंगेशकर के कंधों पर आ गईं। यही वह दौर था जब बचपन ने बिना आहट युवावस्था का रूप ले लिया और संघर्ष ने उनकी आवाज में एक अनोखी परिपक्वता भर दी।

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय फ़िल्म जगत को लगातार बड़े नाम के जाने से झटका लगा है। अभी चले गए कलाकारों के गम को सिने जगत भूल भी नहीं पाया था कि रविवार 12 अप्रैल को चंचल, शोख व रोमांटिक फिल्मी गीतों की अद्भुत गायिका, गायन क्षेत्र की लाइट हाउस, सुरों की मल्लिका और गीत, ग़ज़ल, पॉप के साथ-साथ भजन एवं शास्त्रीय गीतों की स्टूडियो में सबसे ज्यादा एकल गीत रिकॉर्ड करने वाली आशा भोसले भी छोड़ कर चली गई हैं।

भारतीय सिने-संगीत की समृद्ध परंपरा में आशा भोसले का नाम एक ऐसे स्वर के रूप में दर्ज है, जिन्होंने समय, शैली और सीमाओं को लगातार लांघते हुए हर पीढ़ी को अपना मुरीद बनाया। 8 सितंबर 1933 को सांगली में जन्मीं आशा, अपने समय के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ-गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री थीं और उसी संगीत-सिक्त वातावरण में पली-बढ़ीं, जहां सुर ही जीवन का पहला और अंतिम सत्य था। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियां अचानक उनके और बड़ी बहन लता मंगेशकर के कंधों पर आ गईं। यही वह दौर था जब बचपन ने बिना आहट युवावस्था का रूप ले लिया और संघर्ष ने उनकी आवाज में एक अनोखी परिपक्वता भर दी। परिवार में बड़ी दीदी लता मंगेशकर के साथ उनका संबंध हमेशा विशेष रहा। दोनों ही बहनें अपने-अपने ढंग से संगीत की साधक थीं। यद्यपि पेशेवर प्रतिस्पर्धा की चर्चाएं समय-समय पर होती रहीं, परंतु निजी जीवन में यह रिश्ता सम्मान, स्नेह और एक-दूसरे की कला के प्रति गहरी समझ से भरा रहा। छोटी बहन उषा मंगेशकर के साथ भी उनका रिश्ता आत्मीयता और सहयोग का रहा, जहां परिवार की डोर ने हर उतार-चढ़ाव में उन्हें जोड़े रखा। यह वही पारिवारिक पृष्ठभूमि थी, जिसने आशा को न केवल एक महान गायिका बनाया, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर दृढ़ बने रहने की शक्ति भी दी। कम उम्र में उन्होंने गणपत राव भोसले से विवाह किया, जो परिवार की इच्छा के विरुद्ध था।

यह संबंध अधिक समय तक टिक नहीं सका और वैवाहिक जीवन में आए तनावों ने अंततः अलगाव का रूप ले लिया। इस टूटन ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, लेकिन यहीं से उनके जीवन का वह अध्याय शुरू हुआ, जहां उन्होंने अपने अस्तित्व को पूरी तरह संगीत के हवाले कर दिया। वे अपने बच्चों के साथ एक नई शुरुआत के लिए खड़ी हुईं और संघर्ष के उस कठिन दौर में भी अपनी आवाज़ को कभी थकने नहीं दिया। फिल्मी दुनिया में शुरुआती दौर आसान नहीं था। जहां एक ओर उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर स्वर कोकिला के रूप में फिल्म जगत में छाई हुई थी, वहीं उन्हें लंबे समय तक छोटे बजट की फिल्मों और तथाकथित 'दूसरे दर्जे' के गीतों तक सीमित रखा गया। उनकी असाधारण प्रतिभा को पहचानने वालों में सबसे प्रमुख रहे संगीतकार ओ. पी. नैय्यर, जिन्होंने आशा की आवाज़ में वह चंचलता और ऊर्जा देखी, जो मुख्यधारा के संगीत में एक नई ताजगी ला सकती थी। "आईये मेहरबान" और "जरा हौले-हौले चलो" जैसे गीतों ने उन्हें नई पहचान दी।



इसके बाद आर. डी. बर्मन के साथ उनका रचनात्मक और व्यक्तिगत संबंध भारतीय संगीत इतिहास की सबसे सफल साझेदारियों में गिना जाने लगा। "पिया तू अब तो आजा", "दम मारो दम" और "चुरा लिया है तुमने" जैसे गीतों ने न केवल उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचाया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि वे हर शैली, चाहे वह कैबरे हो, ग़ज़ल हो या पॉप सबमें समान अधिकार से गा सकती हैं। फिल्म निर्माताओं और निर्देशकों के साथ भी उनके संबंध बेहद पेशेवर और सृजनात्मक रहे। गुरुदत्त की फिल्मों में उनकी आवाज़ ने संवेदनशीलता को नया आयाम दिया, तो विजय आनंद की फिल्मों में उनकी गायकी ने आधुनिकता और रोमांच का नया रंग भरा। संगीतकारों में खय्याम के साथ फिल्म उमराव जान के गीत "इन आंखों की मस्ती" ने उनकी गायकी के शास्त्रीय पक्ष को अमर कर दिया। इसी तरह इलैया राजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ भी उन्होंने समय के साथ खुद को ढालते हुए नई पीढ़ी में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी। उनके जीवन का हर मोड़ मानो उनके गीतों में ढलता चला गया। "पिया तू अब तो आजा" में उनकी आवाज़ की बेचैनी, "दम मारो दम" में विद्रोह की धुन, "इन आंखों की मस्ती" में ठहराव और गहराई, सब उनके अपने जीवन के अलग-अलग रंगों का ही प्रतिबिंब प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि उनका संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव बन जाता है। व्यक्तिगत जीवन में आर. डी. बर्मन के साथ उनका विवाह उनके जीवन का स्थिर और सृजनात्मक दौर साबित हुआ, जहां दोनों ने एक-दूसरे की कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके बच्चों, हेमंत भोसले और वर्षा भोसले के साथ उनका संबंध स्नेह और आत्मीयता से भरा रहा, हालांकि जीवन ने उन्हें कई व्यक्तिगत दुःख भी दिए। फिल्म जगत में जहां व्यक्तिगत संबंध एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि लाभ का सौदा रहती है और फिल्म जगत से जुड़े हुए लोगों को आसानी से प्रमोशन और किकबैक मिल जाते हैं, लेकिन आशा भोसले को लता मंगेशकर की छोटी बहन होने का लाभ कम और नुक़सान ज़्यादा हुआ। एक ऐसा लंबा दौर उनके जीवन में आया, जब सुरीली आवाज, गायन की गहरी समझ और पूरे समर्पण के साथ हर शैली में गाने की महारत के बावजूद उनकी प्रतिभा का इस्तेमाल उतना नहीं हो पाया जितना होना चाहिए था। कई बार तो कुछ बातों को लेकर उनके लता मंगेशकर के साथ गहरे मतभेद भी चर्चा में रहे, लेकिन उनके समर्पण और श्रेष्ठ गायन के चलते समय के साथ उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और पद्म विभूषण जैसे सर्वोच्च सम्मानों से नवाजा गया, लेकिन उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है जो उन्हें करोड़ों श्रोताओं से मिला। उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बावजूद उनका संगीत के प्रति समर्पण कभी कम नहीं हुआ। उनकी विरासत केवल परिवार तक सीमित नहीं रही, बल्कि संपूर्ण भारतीय संगीत जगत में व्यापक रूप से फैली हुई है। आज जब उनकी धुनें स्मृतियों में गूंजती हैं, तो नई पीढ़ी उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखती है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि कला समय की सीमाओं से परे होती है और स्वर कभी समाप्त नहीं होते, वे केवल रूप बदलकर सदा जीवित रहते हैं। वह आख़िरी समय तक सुरों की साधना में लीन रहीं। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं, बल्कि एक पूरे युग की प्रतिनिधि गायिका रही हैं, एक ऐसा युग, जिसकी हर धुन, हर गीत और हर स्वर भारतीय संगीत की आत्मा में हमेशा गूंजता रहेगा, जैसे कोई मधुर पुकार-"पिया तू. अब तो आजा. ."।

नमन
कृति जैन



# आशा भोसले : सुरों की वह शक्ति, जो इतिहास बन गई

आज का संगीत संसार एक ऐसी रिक्तता के सामने खड़ा है, जिसे शब्दों में समेटना कठिन है। आशा भोसले के निधन ने भारतीय संगीत की उस धड़कन को मौन कर दिया है, जो कई पीढ़ियों की भावनाओं में जीवित रही। 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन केवल एक कलाकार का अंत नहीं, बल्कि एक युग का शांत हो जाना है। फेफड़ों के संक्रमण, थकान और बढ़ती उम्र ने शरीर को दुर्बल किया, पर उनकी स्वर-छवि स्मृतियों में अमर है। ओ. पी. नैय्यर से लेकर आर. डी. बर्मन तक, उनकी गायकी ने हर दौर को नई पहचान और रंग दिया। इस शोक में भी ऐसा लगता है मानों उनकी धुनें अब भी हवा में तैर रही हों- जैसे संगीत उन्हें पूरी तरह विदा करने को तैयार न हो। बचपन की कठिनाइयों से उभरकर आशा ने संगीत को ही अपना सहारा बना लिया। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में मंगेशकर परिवार में जन्मी आशा केवल नौ वर्ष की थीं, जब उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया। इसके बाद परिवार मुंबई आ गया, जहां अभाव और संघर्ष के बीच उन्होंने बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ संगीत की शिक्षा ली। सोलह वर्ष की आयु में 1949 में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जिसे परिवार की स्वीकृति नहीं मिली, फिर भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने संकल्प को बनाए रखा। 1948 में फिल्म 'चुनरिया' के गीत 'सावन आया' से उन्होंने पार्श्वगायन की शुरुआत की, जो आगे चलकर एक ऐतिहासिक संगीत यात्रा बनी। यह शुरुआत एक ऐसी सशक्त आवाज़ का उदय थी, जिसने भारतीय सिनेमा संगीत को नई दिशा और पहचान दी। उनके करियर में सफलता और ऊंचाइयों की श्रृंखला मिलती है। ओ. पी. नैय्यर के साथ गीतों में चंचलता उभरी, जबकि आर. डी. बर्मन के साथ उन्होंने प्रयोगधर्मिता का नया दौर शुरू किया। 'तीसरी मंजिल' का 'आजा आजा', 'हरे राम हरे कृष्णा' का 'दम मारो दम' और 'उमराव जान' का 'दिल चीज क्या है' भारतीय संगीत की पहचान बन गए। उन्होंने 12,000 से अधिक गीत हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल और गुजराती सहित कई भाषाओं में गाए। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका का दर्जा मिला। शंकर-जयकिशन, खय्याम, इलैयाराजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ उनकी आवाज़ ने नया जादू रचा। वे केवल पार्श्वगायिका नहीं, बल्कि एक स्वर-शक्ति थीं, जिसने हर शैली को नया रूप दिया। 1980 के आसपास आर. डी. बर्मन के साथ उनके संबंधों ने उनके जीवन में भावनात्मक मोड़ जोड़ा, जिसकी चर्चा हुई। उन्होंने 'आशा' नाम से रेस्तरां श्रृंखला शुरू की, जिसने दुबई से दोहा तक पहचान बनाई। 2013 में फिल्म 'माई' से उन्होंने अभिनय में भी कदम रखा। उनका यह बहुआयामी व्यक्तित्व उन्हें एक सशक्त और प्रेरक हस्ती बनाता है। आशा भोसले को उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, सात फिल्मफेयर और दो राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई सम्मान मिले। उन्होंने भजन, ग़ज़ल, पॉप और वेस्टर्न संगीत में भी अपनी सशक्त आवाज़ दी, जिससे उनका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर तक पहुंचा। 'ये मेरा दिल' जैसे गीतों में हेलेन के लिए उनकी गायकी ने अलग पहचान बनाई, वहीं 'लगान' जैसे प्रोजेक्ट्स में उनकी उपस्थिति ने नई ऊर्जा दी। कॉर्नरशॉप के 'ब्रिमफुल ऑफ आशा' और क्रोनोस क्वार्टेट के साथ सहयोग ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशिष्ट स्थान दिलाया। उनकी सॉप्रानो आवाज़ ने भारतीय संगीत की सीमाएं लांघकर विश्व संगीत में भी अमिट छाप छोड़ी। वे हर शैली में सहज रहीं और हर प्रयोग को सफलता में बदलती रहीं।

जीवन के अंतिम वर्षों में भी आशा भोसले पूरी तरह सक्रिय रहीं। उन्होंने डिजिटल मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। 2026 में गोरिलाज जैसे अंतरराष्ट्रीय समूह के साथ उनका अंतिम सहयोग उनकी प्रयोगधर्मिता और नवाचार के प्रति समर्पण का सशक्त प्रमाण बना। उनकी पोती जनाई भोसले भी संगीत की परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं

## मेहनत के बाद भी नहीं मिल रही सफलता?



संकलित
दर्शन

संसार में किसी भौतिक वस्तु या सुख प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ की आवश्यकता होती है। पुरुषार्थ प्राथमिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वांछित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ऊर्जा, कौशल, दैव (प्रारब्ध या सौभाग्य) और तत्परता (इच्छाशक्ति) भी आवश्यक है। ये पांच तत्व अत्यंत अनिवार्य हैं। अतः पुरुषार्थ करें। यह विश्वास रखें कि सौभाग्य आपके साथ है और फिर कौशल अर्जित करें।

**अपनी ऊर्जा और कौशल को कैसे बढ़ाया जाए?** जब आप ध्यान और मंत्रोच्चार के द्वारा अपने भीतर की सकारात्मकता को जाग्रत करते हैं, तो यह आपके कौशल, ऊर्जा और सौभाग्य में वृद्धि करता है। इन तीनों के होने के पश्चात भी, आपको पुरुषार्थ करना होगा और फिर यह फलीभूत होने में अपना नियत समय भी लेगा। हमें अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए निरंतर कर्म करते रहना होगा; प्रारंभिक समय में बार-बार मिलने वाली असफलता की परवाह किए बिना हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राचीन वेदों एवं शास्त्रों, वैदिक अनुष्ठानों में, आरंभ में संकल्प का विधान है। संकल्प लें-एक दृष्टि और एक लक्ष्य चुनें और फिर उसे समर्पित कर दें। समर्पण अर्थात उसे ईश्वर को अर्पित करना। यह कहना-"यह मेरी इच्छा है, किन्तु आप जो मेरे लिए श्रेष्ठ समझें। यदि यह या इससे भी उत्तम कुछ हो, तो मैं उसे स्वीकार करने को तत्पर हूं।"


## मृत्यु अटल है, जो ये बात समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
प्रेरणा

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सांझा चूल्हा से होगी ऊर्जा की बचत

रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर समय-समय पर देश में राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। विपक्ष इसे आम आदमी पर बढ़ते आर्थिक बोझ के रूप में उठाता है, तो सत्ता पक्ष अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक परिस्थितियों का हवाला देता है। यह बहस लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, क्योंकि महंगाई और जीवनयापन की लागत सीधे जनता के जीवन को प्रभावित करती है। लेकिन इस पूरे विमर्श में अक्सर एक महत्वपूर्ण पक्ष छूट जाता है- समाज की अपनी सामूहिक शक्ति और संकट के समय मिल-जुलकर समाधान खोजने की क्षमता। भारतीय समाज की मूल संरचना ही सामूहिकता पर आधारित रही है। इसी सामाजिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है- 'सांझा चूल्हा'। - **संतोष परमार, भिलाई**

## ट्रेंड

### कस्टम रेंटल सेंटर



हर किसान के लिए बड़ी मशीनें खरीदना संभव नहीं होता, इसलिए पंचायत स्तर पर कस्टम रेंटल सेंटर और मशीन बैंक विकसित किए जाएंगे। इससे किसानों को उचित किराए पर आधुनिक मशीनों का उपयोग करने में सुविधा मिलेगी।
- **शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषि मंत्री

### महिला नेतृत्व में विकास



अब महिलाओं की शक्ति ही देश की दिशा तय करेगी। देश के विभिन्न वर्गों की महिलाएं आज प्रधानमंत्री मोदी को सशक्तिकरण के ऐतिहासिक अवसर के लिए धन्यवाद दे रही है। चर्चा केवल महिलाओं के विकास तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि महिला नेतृत्व में विकास की होगी।
-**अन्नपूर्णा देवी**, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### सदा अमर रहेंगी आशा



पद्म विभूषण आशा भोसले के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। आज संगीत जगत ने एक महान व्यक्तित्व को खो दिया है। उनका जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे अपने अनगिनत मधुर गीतों के माध्यम से सदा अमर रहेंगी।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### महिला विधायक



राज्य में चल रहे चुनावों के बीच विशेष सत्र बुलाना इस बात की ओर पुष्टि करता है कि मोदी सरकार महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के बजाय राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इस विधेयक को जल्दबाजी में लागू कर रही है।
- **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# अमेरिका में विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा

अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का सिएटल में अनावरण किया गया। यह प्रतिमा प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक और आध्यात्मिक नेता स्वामी विवेकानंद के सम्मान में स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सिएटल शहर में 'वेस्टलेक स्क्वायर' पर स्थापित आदमकद कांस्य प्रतिमा अमेरिका में किसी नगर प्रशासन की ओर से लगाई गई अपनी तरह की पहली प्रतिमा है। भारतीय कलाकार नरेश कुमार कुमावत द्वारा बनाई गई इस प्रतिमा का सिएटल की महापौर केटी विल्सन और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से अनावरण किया।



## ऑफ बीट

# सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू

तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। "प्लैनेटोरियम" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है।



## संक्षेप

### 10 बीघा गेहूं की फसल राख

**ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर पाया काबू**

अमेठी, जिले में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला जारी है। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की दोपहर गेहूं के खेत में आग लग गई।इस घटना में 10 बीघा से अधिक गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। यह घटना मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित गनी टॉकीज के पीछे सिवान में हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वैकल्पिक साधनों से आग बुझाने में जुट गए। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते 10 बीघा से अधिक गेहूं की खड़ी फसल इसकी चपेट में आ गई। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत और फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका, जिससे इसे दूसरे खेतों तक फैलने से रोका जा सका। आग से महेंद्र तिवारी, पवन तिवारी, मेराज, जिलालाल वर्मा और जावेद अहमद की फसलें प्रभावित हुई हैं। हालांकि, थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है और तीन किसानों की पांच बीघा फसल जली है। अमेठी में तेज हवा, भीषण गर्मी और बिजली के ढीले लटकते तारों के कारण फसल में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। किसान अपनी तैयार फसल को बचाने में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

### प्राचीन काली मंदिर पर अवैध कब्जा

**जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में व्यापारियों ने एडीएम को दिया मांगपत्र**

अमेठी , प्राचीन काली मंदिर पर अवैध कब्जे को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) अर्पित गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मंदिर परिसर को तत्काल कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई। यह प्राचीन काली मंदिर अमेठी कस्बे के सागर तिराहा के पास गौरीगंज रोड पर स्थित है।पहले यहां नवरात्रि में मेला लगता था और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन करते थे। मंदिर का संचालन काली माता मंदिर समिति द्वारा किया जाता है, जिसका पंजीकरण संख्या 2418 है। मंदिर के पास रहने वाले पवन अग्रहरि और संजय अग्रहरि, जो कामता प्रसाद के पुत्र हैं, पर जबरन कब्जा करने का आरोप है। स्थानीय व्यापारियों और मंदिर समिति ने उन्हें कई बार रोकने की कोशिश की और प्रशासन से शिकायत भी की, लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया।आरोप है कि कब्जाधारियों ने मंदिर परिसर के अंदर बने हनुमान मंदिर और संतोषी माता मंदिर में भी ताला लगा दिया है।जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आए तो उनके साथ गाली-गलौज की गई और मंदिर को अपनी संपत्ति बताते हुए अभद्रता की गई। बार-बार निवेदन के बावजूद कब्जा न हटने पर व्यापारियों ने 'काली माता मंदिर बचाओ संघर्ष समिति' का गठन किया।इसी के तहत आज बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय निवासी गौरीगंज कलेक्ट्रेट पहुंचे। एडीएम अर्पित गुप्ता ने जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 'कठमुल्ला' कहने वाले जज रिटायरमेंट पर हुए भावुक

## कहा- मेरा कोई दोष नहीं था, तोड़-मरोड़ के पेश किया गया

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव आज रिटायर हो गए हैं। फुल कोर्ट रेफरेंस चीफ जस्टिस (मुख्य न्यायाधीश) की कोर्ट में शाम 4 बजे रखा गया था।इसमें हाईकोर्ट के सभी जजों के अलावा बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सदस्य तथा हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी शामिल हुए।उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पिछले करीब एक साल से राज्यसभा में लटका पड़ा है। उनके रिटायरमेंट के साथ ही महाभियोग प्रस्ताव खत्म हो जाएगा। इस दौरान न्यायमूर्ति शेखर यादव ने भावुक होकर कहा- मेरी कोई गलती नहीं थी। उसमें मुझे आपका साथ मिला। न मिलता तो मैं टूट चुका होता। मेरा कोई दोष नहीं था। तोड़-मरोड़ के पेश करने वालों का था। वहीं जस्टिस शेखर कुमार यादव 8 दिसंबर, 2024 को प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के लीगल सेल के एक कार्यक्रम में कठमुल्ला शब्द का प्रयोग किया था, कहा था- मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं कि यह हिंदुस्तान है और यह देश यहां रहने वाले बहुसंख्यकों की इच्छा से चलेगा। लेकिन, यह जो कठमुल्ला है, यह सही शब्द नहीं है। लेकिन कहने में परहेज नहीं है, क्योंकि वह देश के लिए बुरा है।घातक है, देश के खिलाफ है।जस्टिस शेखर के इस बयान की काफी आलोचना हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस शेखर से स्पष्टीकरण भी मांगा था। उनसे कहा गया था कि आप खेद प्रकट कर दीजिए, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया था और कहा था कि उन्होंने ऐसा कुछ भी गलत नहीं बोला है। अब महाभियोग प्रस्ताव का क्या होगा? जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव राज्यसभा में 13 दिसंबर 2024 को लाया गया था। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के 55 सांसदों के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर थे, जो आवश्यक 50 सांसदों की संख्या से अधिक है। लेकिन प्रस्ताव पर राज्यसभा के महासचिव की तरफ से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया। इसलिए प्रस्ताव अभी भी राज्यसभा में लंबित है, लेकिन इससे पहले ही जस्टिस यादव रिटायर हो रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद प्रस्ताव खुद ब खुद रद्द हो जाएगा। हाईकोर्ट में विदाई समारोह होगा जस्टिस यादव के रिटायरमेंट पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में फुल कोर्ट रेफरेंस आयोजित किया जाएगा।फुल कोर्ट रेफरेंस बुधवार को चीफ जस्टिस की कोर्ट में दोपहर 3.45 पर रखा गया है।इसमें हाईकोर्ट के सभी जजों के अलावा बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सदस्य और हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी शामिल होंगे। हाईकोर्ट की तरफ से सभी को शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया है।

# पूर्व राज्यमंत्री के समधी के 18 लाख की चोरी

## पड़ोसियों ने घेरा तो बदमाशों ने तानी बंदूक, धमकी देकर फरार

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, झूंसी में पूर्व राज्य मंत्री और भाजपा नेता बाबूलाल भंवरा के समधी के घर से चोर 18 लाख का माल ले उड़े।मंगलवार देर रात आहट मिलने पर पड़ोसियों ने चोरों को घेरने की कोशिश की तो उन्होंने असलहा तान दिया। इसके बाद गोली मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।सूने मकान को बनाया निशाना नवाबगंज के रहने वाले बाबूलाल भंवरा बसपा सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे।2024 में उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली।झूंसी के हवेलिया में रहने वाले कमला शंकर सरोज पूर्व राज्य मंत्री के समधी हैं। उनकी बेटी पूर्व राज्यमंत्री की बहू है। वह पीडब्ल्यूडी के कॉन्ट्रैक्टर हैं।पूर्व राज्य मंत्री ने बताया, 12 अप्रैल को समधी के पिता का निधन होने के कारण पूरा परिवार गांव चला गया था। इस दौरान उनके मकान में ताला बंद था।इसी बात की भनक बदमाशों को लग गई और उन्होंने मौके का फायदा उठाते हुए देर रात करीब एक बजे घर पर धावा बोल दिया।बदमाशों ने पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा और फिर अंदर घुसकर कमरों की तलाशी शुरू कर दी। घर में रखी अलमारियों और लॉकर को खंगालते हुए नकदी, जेवरात समेत करीब 18 लाख रुपये का सामान समेट लिया। इसमें 2.26 लाख कैश और जेवर शामिल हैं दरोगा को हुई आहट, बदमाशों ने असलहा निकाला घटना के दौरान पड़ोस में रहने वाले एक दरोगा, जो वर्तमान में लखनऊ में तैनात हैं, ड्यूटी से वापस लौटे। घर के पास हलचल और आवाजें सुनकर उन्हें शक हुआ। उन्होंने तुरंत अपने परिवार और आसपास के लोगों को बुलाया।जब लोगों ने बदमाशों को घेरने की कोशिश की, तो वे भागने लगे। इसी दौरान एक बदमाश ने पलटकर असलहा निकाल लिया और सीधे लोगों की ओर तान दिया। अचानक सामने हथियार देख लोग ठिठक गए और डर के कारण पीछे हट गए। इसका फायदा उठाकर बदमाश मौके से फरार हो गए।एक पड़ोसी के घर में बाहर से ताला लगाया बदमाशों ने भागने से पहले पड़ोस में रहने वाले उदय प्रकाश के घर के गेट पर बाहर से ताला जड़ दिया।

# जन औषधि केंद्र पर महंगी दवाएं बेची जा रही

**अमेठी जिला अस्पताल में लगा डॉक्टर पर मिलीभगत का आरोप**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी, जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर महंगी अंग्रेजी दवाएं बेचे जाने का आरोप लगा है। केंद्र सरकार ने गरीबों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन केंद्रों की स्थापना की थी, लेकिन यहां डॉक्टरों की मिलीभगत से बाहर की दवाएं बेची जा रही हैं। एक युवक ने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।दरअसल, अमेठी जिला अस्पताल स्थित जन औषधि केंद्र का विवादों से पुराना नाता रहा है। पहले भी इस केंद्र पर अंग्रेजी दवाएं बेचने के आरोप लग चुके हैं।आज सुधांशु तिवारी नामक एक युवक अपने रिश्तेदार जीतू को दिखाने जिला अस्पताल आया था। ओपीडी में डॉ. पीतांबर ने उसे चार दवाएं अस्पताल के अंदर की और दो दवाएं बाहर की लिखीं। डॉक्टर ने इन दवाओं को अस्पताल के अंदर स्थित जन औषधि केंद्र से लेने को कहा। महंगी अंग्रेजी दवाएं बेचकर लूटा जा रहा युवक जब जन औषधि केंद्र पहुंचा, तो उसे 300 रुपये की दवाएं दी गईं, जिन पर केंद्र की मुहर नहीं थी। सुधांशु तिवारी ने आरोप लगाया कि जन औषधि केंद्र और डॉक्टर की मिलीभगत से गरीबों को महंगी अंग्रेजी दवाएं बेचकर लूटा जा रहा है। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत सीएमएस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में जिला अस्पताल के सीएमएस बद्री प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि उन्हें शिकायती पत्र मिला है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं की फसल में लगी आग

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम अज्ञात कारणों से आग लगने से तीन किसानों की गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।यह घटना हरदोई-उन्नाव मार्ग पर गंजमुरादाबाद स्थित नवयुग स्कूल के समीप हुई।

आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

इस आगजनी में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर हमजा निवासी अब्दुल यामीन पुत्र उमराव अली, हसीन पुत्र हनीफ, रुकसाना पत्नी हनीफ और शरीफ पुत्र हनीफ की फसलें प्रभावित हुई हैं। इन परिवारों के लिए यह गेहूं की फसल ही एकमात्र सहारा थी। प्रत्येक किसान की 18-18 बिस्वा जमीन में बोई गई गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है।

सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आग लगने के कारणों की जांच में जुट गई है।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कामिल कुरैशी ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

वहीं, हल्का लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दी है।

# जमीनी विवाद, घायल वृद्ध की मौत

**बेटे का आरोप–न्याय मांगने पर पुलिस ने 5 घंटे थाने में बिठाया**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुए हमले में घायल 95 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के चार दिन बाद हुई इस मौत के बाद, सोमवार को परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर शव रखकर प्रदर्शन किया।यह घटना काछा भिटौरा गांव की है, जहां चार दिन पहले कुछ लोगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला किया था। इस हमले में 95 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों के प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह और सीओ जयसिंहपुर आरके चतुर्वेदी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझा-बुझाकर अंतिम संस्कार के लिए राजी किया मृतक के पुत्र पिंटू निषाद ने आरोप लगाया कि घटना के बाद जब वह न्याय की गुहार लेकर थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उनकी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही पांच घंटे तक थाने में बिठाए रखा।पिंटू निषाद का दावा है कि पुलिस ने मामले की गंभीरता को कम करते हुए बहुत हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है, जबकि हमला गंभीर प्रकृति का था। उन्होंने यह भी बताया कि मामले में अब तक केवल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य अभी भी फरार हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 307 (हत्या का प्रयास) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए और सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

# 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' से चार शातिर चोर गिरफ्तार

## ई-रिक्शा की 16 बैटरियां, अर्टिगा कार बरामद; एक पर 10 मुकदमे दर्ज

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , पुलिस ने ई-रिक्शा की कीमती बैटरियां चोरी करने वाले चार अंतरजनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से चोरी की 16 बैटरियां और वारदातों में इस्तेमाल की जाने वाली एक अर्टिगा कार बरामद की है।गिरफ्तार चोरों में से एक पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 10 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक सरवनन टी ने पुलिस कार्यालय सभागार में इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने चोरों को पकड़ने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत की गई।दरअसल, बीते दिनों अमेठी के भाले सुल्तान, गौरीगंज और जगदीशपुर थाना क्षेत्रों में ई-रिक्शा से बैटरी चोरी की पांच घटनाएं सामने आई थीं। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इन घटनाओं के खुलासे के लिए संबंधित थानों के साथ-साथ एसओजी और सर्विलांस टीम को भी लगाया गया था।'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के दौरान पुलिस ने देर रात एक अर्टिगा कार को रोका और उसकी तलाशी ली। कार के अंदर से चोरी की 6 बैटरियां बरामद हुईं। गाड़ी में सवार चार अभियुक्तों को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान फहीम पुत्र वसीम, गोलू उर्फ शनि पुत्र मंगल कश्यप और नितिन साहू पुत्र महेश साहू (सभी निवासी आशियाना, लखनऊ) तथा अंकित कुमार पुत्र सुनील कुमार (निवासी जहानाबाद, फतेहपुर) के रूप में हुई है। उनकी निशानदेही पर जामो रोड पर स्थित एक खंडहर से 10 अन्य बैटरियां भी बरामद की गईं।

# भाजपा विधायक ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

## कहा- स्मार्ट मीटर पर जनता का आक्रोश बढ़ रहा, चुनाव में नुकसान हो सकता है

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ ,स्मार्ट मीटर पर जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक मुक्ता संजीव राजा ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र लिखकर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। विधायक ने आगाह किया है कि जनता के बीच स्मार्ट मीटर को लेकर गुस्सा है। उसका समाधान न होने पर पार्टी को आगामी चुनावों में गंभीर खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

### बिना पूर्व सूचना के काट दी जाती है बिजली

मुक्ता संजीव राजा ने पत्र में कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के उपभोक्ताओं की बिजली काट दी जाती है।उनका कहना है कि कई उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका एडवांस बैलेंस जमा है। बावजूद इसके विभागीय लापरवाही के कारण उनकी बिजली कई दिनों तक बहाल नहीं होती। इस अव्यवस्था से नाराज लोग लगातार बिजली उपखंड कार्यालयों और विधायक के निजी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विधायक सोमवार को लखनऊ में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर इस संकट पर विस्तार से चर्चा करेंगी। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि किसी भी उपभोक्ता की बिजली काटने से पहले उसे अनिवार्य रूप से सूचना दी जाए और बकाया भुगतान के लिए कम से कम तीन दिन का समय दिया जाए।

### जिले में बढ़ रहा असंतोष

जिले में करीब 7.35 लाख बिजली उपभोक्ता हैं। इनमें से 5.94 लाख लोगों के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। अब तक 3.27 लाख मीटर लगाए जा चुके हैं, लेकिन इसके साथ ही शिकायतों का अंबार भी लग गया है।लोग स्मार्ट मीटर लगने के बाद बढ़े हुए बिल और समय पर शिकायतों का समाधान न होने से गुस्से में हैं।लोग सड़क पर उतरने को मजबूरदिसंबर 2024 से शुरू हुई नई वर्टिकल व्यवस्था और सामान्य मीटरों को जबरन प्रीपेड में बदलने के फैसले ने लोगों में असंतोष पैदा किया है। बकाया के नाम पर अचानक कनेक्शन काटे जाने से नाराज लोग अब सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं।

# युवक की गोली मारकर हत्या

**जमीनी विवाद में ममेरे भाई ने किया फायर; गोली माथे से आर-पार, 20 बीघा जमीन के थे वारिस**

अमन लेखनी समाचार


श्याम सुंदर, मृतक

शाहजहांपुर , मंगलवार रात युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।जबकि उसका भाई भी घायल हो गया। मृतक का अपने ही रिश्तेदार से 40 बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सामने से फायरिंग करने पर गोली माथे से आरपार हो गई।युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।रात में दोनों पक्षों के बीच फिर से गाली-गलौज शुरू हो गई।पत्नी ने युवक को बाहर जाने से रोका था लेकिन वह दरवाजे की कुंडी तोड़कर बाहर चला गया। आरोपी ने उसके ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। जिसमें एक गोली उसके माथे पर जा लगी।दूसरी उसके भाई की जांघ में लगी।सूचना पर सीओ सदर प्रयांक जैन मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। आरोपी फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना मदनापुर थाना क्षेत्र की है।घटना जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर बरी खास गांव की है। श्याम सुंदर (25) बचपन से ही अपने नाना के घर रहता था। उसके नाना की केवल एक ही बेटी थी।इसलिए ननिहाल की सारी संपत्ति श्याम को मिली थी।नाना के भाई के बेटों की नजर संपती पर थी इसलिए वह श्याम से आए दिन विवाद करते रहते थे।श्याम के नाम पर नाना ने 40 बीघा जमीन कर रखी थी।जिसे लेकर विवाद चल रहा था।हत्या से कुछ दिन पहले आरोपी अजयभान मृतक से दोस्ती कर ली। आए दिन घर आने-जाने लगा। हत्या वाले दिन शाम को जब श्याम सुंदर खेत पर जानवरों के लिए चारा लेने गया था।तब आरोपी ने उससे गाली-गलौच की थी।उस समय ग्रामीणों ने मामला शांत करा दिया था। मृतक की पत्नी शिखा के अनुसार, उन्होंने श्याम सुंदर को बाहर जाने से रोका, लेकिन वह जबरदस्ती घर से निकलकर आरोपी के घर के पास पहुंच गया।वहीं पहले से मौजूद अजयभान, विजयवीर और धनवीर से उसका विवाद बढ़ गया और अचानक फायरिंग शुरू हो गई।एक गोली श्याम सुंदर के माथे पर लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गोली उसके भाई ब्रजमोहन की जांघ में लगी। के बरी खास गांव में घटना के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने श्याम सुंदर को मृत घोषित कर दिया। श्याम सुंदर के दो बच्चे हैं।3 साल का बेटा और 2 साल की बेटी है।

# चार आरोपी गिरफ्तार

**अवैध बम, चोरी की बाइक बरामद; पुलिस ने किया खुलासा**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , जिले में कोहंडौर पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध देशी बम, चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।ये आरोपी सुनसान जगहों पर राहगीरों को बम दिखाकर लूटने की योजना बना रहे थे।पुलिस कोहंडौर थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर आवले की बगिया के पास नहर पटरी से इन चारों आरोपियों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान इनके पास से चार अवैध देशी बम, एक चोरी की मोटरसाइकिल जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी, एक अन्य बाइक और तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए। मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सुनसान स्थानों पर राहगीरों को रोककर बम दिखाकर डराते थे और उनसे मोबाइल व नकदी छीन लेते थे।गिरफ्तारी के समय भी वे किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जगह तलाश रहे थे।बरामद चोरी की मोटरसाइकिल की जांच में पता चला कि वह अमेठी जिले के रामगंज थाना क्षेत्र से चुराई गई थी, जिसके संबंध में पहले से ही मुकदमा दर्ज था।



# एसपी ने 17 नई डायल-112 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई

## जनपद की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मिलेगा बल

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने 17 नई 'डायल-112' चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।पुलिस विभाग के अनुसार, इन 17 वाहनों में से 9 पुराने और अनुपयोगी हो चुके वाहनों के स्थान पर शामिल किए गए हैं।शेष 8 नए वाहन जनपद के संवेदनशील थानों– देल्हूपुर, फतनपुर, कोतवाली नगर, लालगंज, कुंडा, जेठवारा, पट्टी और बाघराय को आवंटित किए गए हैं।

### आम जनता को समय पर सहायता मिल पाएगी

एसपी दीपक भूकर ने बताया कि इन नए वाहनों के शामिल होने से 'इवेंट रिस्पॉन्स' और 'फुट पेट्रोलिंग' की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अब घटनास्थल तक पहले से अधिक तेजी से पहुंच सकेगी, जिससे आम जनता को समय पर सहायता मिल पाएगी। पुलिस अधीक्षक ने यह भी जानकारी दी कि पुलिसिंग के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। भविष्य में भी पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा ताकि पुलिस बल हमेशा आधुनिक संसाधनों से लैस रहे। नई डायल-112 गाड़ियों के संचालन से आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई, बेहतर समन्वय और अपराध नियंत्रण में मदद मिलने की उम्मीद है।

## संक्षेप

### ग्रामीणों ने शराब ठेका स्थायी बंद करने की मांग की

**बागपत डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन, अधिकारियों ने 2 दिन में समाधान का आश्वासन दिया।**

बागपत , चमरावल गांव में शराब के ठेके के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी है। रविवार शाम सैकड़ों ग्रामीणों ने शराब का ठेका बंद कर उसका बैनर फाड़ दिया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत किया।इसके बाद ग्राम प्रधान केशव त्यागी और केटी विंग संस्थापक कुलदीप त्यागी के नेतृत्व में ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे।उन्होंने ठेके को स्थायी रूप से बंद करने की मांग की। अधिकारियों ने दो दिन में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।अपर जिलाधिकारी (एडीएम) विनीत उपाध्याय के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। चमरावल गांव में नए देसी शराब ठेका खुलने की सूचना पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया था। जिला जाट महासभा बागपत के अध्यक्ष एडवोकेट सोमेंद्र ढाका के आह्वान पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए। आक्रोशित ग्रामीणों ने ठेके का बैनर फाड़ दिया और दुकान का शटर बंद कराते हुए नशा मुक्ति के समर्थन में नारेबाजी की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी विरोध प्रदर्शन में शामिल थीं।एडवोकेट सोमेंद्र ढाका ने बताया कि वर्ष 2021 में देसी शराब पीने से छह लोगों की मौत हो चुकी है, जिसके कारण ग्रामीणों में पहले से ही आक्रोश है।उन्होंने यह भी बताया कि करीब 25 वर्ष पहले भी महिलाओं ने मिलकर शराब ठेका उखाड़ फेंका था।ग्रामीणों का कहना है कि चमरावल में किसी भी हाल में शराब ठेका नहीं खुलने दिया जाएगा। ग्राम प्रधान केशव त्यागी ने जानकारी दी कि ठेका खुलने की सूचना मिलते ही उन्होंने उसे तुरंत बंद करा दिया था। फिलहाल एडीएम विनीत उपाध्याय ने दो दिन में इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। विरोध प्रदर्शन में शशांक त्यागी, विनय ढाका, ग्राम प्रधान केशव त्यागी, विनीत, दीपक, अंकुर, विशर्ग, शेखर, सुबोध, राजू, नितिन कुमार, भूरू, सचिन, मोहित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महिलाओं में लक्ष्मी, पिंकी, कमलेश, सुनीता, प्रकाशी, सावित्री, बबीता और सरोज समेत कई महिलाएं शामिल थीं।

### सिसाना गांव में चोरी, लाखों के गहने और नकदी पार

**शादी में गए परिवार के घर को बनाया निशाना, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत ,सिसाना गांव में एक परिवार के घर से लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी हो गई।परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था, तभी चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी मंजू पत्नी दीपक ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदारी में शादी में गई हुई थीं।इसी दौरान पड़ोस का एक युवक अपने दो अज्ञात साथियों के साथ छत के रास्ते उनके घर में घुस आया। पीड़िता के अनुसार, चोरों ने घर में रखे कीमती गहनों और करीब एक लाख रुपये नकद पर हाथ साफ किया।चोरी हुए सामान में एक जोड़ी सोने के कुंडल, सोने के सैंपल, तीन चांदी के गले के सेट, एक चांदी की चेन, एक सोने की अंगूठी, चांदी का मंगलसूत्र और गले की तगड़ी शामिल हैं।नकदी भांते के नाम पर घर में रखी गई थी।घटना से पहले पीड़िता के पति दीपक के पास एक संदिग्ध फोन कॉल भी आया था।

# गरौठा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा।स्थानीय बजरंग धर्मशाला में बामौर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र यादव (वीरू नेकी) ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी जिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट देशराज रिछारिया अहिरवार उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन अपने कार्यकर्ताओं के साथ हर समय खड़ा है।किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचना देने की अपील की गई, ताकि शीघ्र सहायता प्रदान की जा सके। पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र यादव ने कार्यकताओं से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें किसी भी राजनीतिक दबाव से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।वहीं ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने सभी पदाधिकारियों से प्रत्येक बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव राजेन्द्र सिंह बुंदेला ने किया, जबकि नगर अध्यक्ष एडवोकेट विपिन दुबे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमित करोसिया, सोनू विश्वकर्मा, रफीक खान, रामनाथ कचीर, धर्मेंद्र पटेल, महिपाल प्रजापति, मनसुखलाल, जमुना दास, जुम्मन कुरैशी, फहीम खान, हारुन खान, नूर अली, धन्नू खान, विजय पटेल, देवेंद्र रैकवार, अनिल परिहार, रमेश श्रीवास, भारत पांचाल, मजीद खान, मुमताज खान, टिल्लू खान सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुर्गा मंदिर कॉरिडोर के लिए हटेगा अतिक्रमण

**दुकानदारों के आगे रोजी-रोटी का संकट; बोले-मुआवजा भी नहीं, परिवार कैसे चलाएंगे**

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर ,चौक कोतवाली के दुर्गा मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मंदिर के आसपास सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों ने दुकानदारों को तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी है। जिसमे दो दिन बीत गए हैं।यह कॉरिडोर चौक कोतवाली क्षेत्र की मंडी में दुर्गा माता मंदिर के पास बनाया जा रहा है। इसकी अनुमानित लागत करीब सवा करोड़ रुपये है, जिसमें से पहली किश्त के रूप में 25 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं।परियोजना का उद्देश्य सड़क को चौड़ा करने, सौंदर्यीकरण करने और विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाना है, ताकि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो।कॉरिडोर निर्माण के दायरे में मंदिर के आसपास करीब दो दर्जन दुकानें आ रही हैं, जो कई दशकों से यहां संचालित हो रही हैं। इनमें पक्के निर्माण वाली दुकानें और फुटपाथ पर लगी दुकानें शामिल हैं। दुकानदारों का कहना है कि उनकी दुकानें कई दशक पुरानी हैं और अगर इन्हें हटा दिया गया, तो वे अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करेंगे।सोमवार को एडीएम अरविंद कुमार ने अधिकारियों के साथ कॉरिडोर का निरीक्षण किया।उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे तीन दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटा लें। एडीएम ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो उसे जेसीबी से हटाया जाएगा। अधिकारियों की इस चेतावनी के बाद मंदिर के आसपास के दुकानदार परेशान हैं। उन्हें अपनी रोजी-रोटी का संकट सता रहा है।एक दुकानदार ने बताया कि उन्होंने पहले एक मंत्री से मुलाकात की थी, जिन्होंने आश्वासन दिया था कि कुछ नहीं होगा, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। दुकानदार आदित्य देवल ने बताया कि मेरी तीसरी पुश्त से दुकान लगती आ रही है।ये दुकान अगर मेरी हटा दी गई तो हम अपने परिवार का पालन पोषण कैसे करेंगे। मुआवजे की भी कोई बात नही कही गई है। ऐसे में पूरा परिवार बहुत परेशान है। दुकानदार रवि ने बताया कि इस दुकान में चार पीढ़ी से बैठ रहे हैं।इधर उधर से पैसा लेकर इस दुकान में लगाया हुआ है। सहालक का समय है। बहुत समस्या अब सामने आ गई हैं।दुकानदार मोनू ने बताया कि कुछ न कुछ तो करना ही होगा।

परिवार तो जैसे तैसे भी चलाना है।करीब तीस साल से हम यहां पर बैठ रहे हैं।मेरी तीसरी पीढ़ी है ।मेरी कोई दूसरी दुकान नही है। अब यही आखिरी सहारा है।

# सरधना में पुलिस मुठभेड़, 3 गौकश गिरफ्तार

**एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल, गोमांस जब्त**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , सरधना थाना क्षेत्र में पुलिस और गौकशी करने वाले आरोपियों के बीच देर रात मुठभेड़ हुई। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से एक के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल आरोपी को उपचार के लिए सीएचसी सरधना में भर्ती कराया गया है।यह कार्रवाई मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान का हिस्सा थी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सरधना के पर्यवेक्षण में थाना सरधना पुलिस 12/13 अप्रैल की रात क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गंगनहर की पटरी के पास ग्राम नगला ऑर्डर के जंगल में कुछ लोग गौकशी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। पुलिस के अनुसार, घेराबंदी होते ही आरोपियों ने गौकशी के अवशेष नहर में फेंक दिए और भागने का प्रयास किया।जब पुलिस ने उन्हें रुकने के लिए कहा, तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें मोनिश नामक आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोनिश, दिलशाद उर्फ दिल्लू और सरताज उर्फ धमाका के रूप में हुई है। हालांकि, 2-3 अन्य आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहे।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक में हंगामा

**10 मिनट में बजट पास कर बैठक खत्म, जनता के मुद्दों पर बात न होने पर पार्षदों का वॉकआउट**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , नगर निगम की बोर्ड बैठक बिना किसी चर्चा के महज 10 मिनट में खत्म हो गई। बैठक के दौरान भाजपा पार्षद विरोध जताते रहे, लेकिन बैठक समाप्त करते हुए राष्ट्रगान शुरू करा दिया गया। बैठक में विकास कार्यों और बजट पर चर्चा न होने से नाराज विपक्ष के पार्षद फसल करीम और रिजवान अंसारी वॉकआउट कर गए। वहीं भाजपा पार्षद अनुज वशिष्ठ ने मंच पर मौजूद महापौर हरिकांत अहलूवालिया से कहा कि यदि इसी तरह बैठक करनी है तो पार्षदों को बुलाने का कोई औचित्य नहीं है।मेरठ नगर निगम की बोर्ड बैठक सोमवार को चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के प्रेक्षागृह में हुई।बैठक में 1831 करोड़ रुपयों के बजट के प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति के लिए बैठक में रखा गया, बैठक में बजट पास हुआ।बैठक की अध्यक्षता महापौर हरिकांत अहलूवालिया की रही।साथ ही बैठक में नगरायुक्त सौरभ गंगवार भी मौजूद थे। इस पर महापौर हरिकांत अहलूवालिया ने जवाब देते हुए कहा कि बजट पहले ही कार्यकारिणी में सभी की सहमति से पारित हो चुका है, इसलिए इस पर चर्चा का कोई विषय नहीं बनता।बैठक में लगभग 50 पार्षद और नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे। मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह यादव बजट पढ़ने के लिए मंच पर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें बोलने का मौका दिए बिना ही बजट को पास घोषित कर दिया गया।पिछले दिनों उउरव के अटल सभागार में आयोजित हुई थी। नगर निगम की कार्यकारिणी समिति की अहम बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब 1831 करोड़ रुपये का बजट पारित कर दिया गया था। अब इस प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति के लिए नगर निगम बोर्ड की बैठक में रखा गया।कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शनमेरठ में 13 अप्रैल को प्रस्तावित नगर निगम बोर्ड बैठक से पहले महानगर कांग्रेस कमेटी ने सख्त रुख अपना लिया है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जनहित से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी नहीं मिली तो मेयर और नगर आयुक्त का घेराव किया जाएगा।महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला और पूर्व शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने संयुक्त रूप से कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

# रोडवेज बस ने महिला को कुचला, मौत

**सड़क पर बिखरे शव के टुकड़े, पति-बेटी भी घायल; शादी वाले घर में मातम**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , लालकुर्ती थाना क्षेत्र में देर रात एक भीषण सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि पति और 3 साल की बेटी घायल हो गए।बेगमपुल चौराहे के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है शॉपिंग कर घर लौट रहा था परिवारजानकारी के अनुसार, मेडिकल थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी रोहित अपनी पत्नी वर्षा और बेटी आरोही के साथ सोफीपुर से घर लौट रहे थे।परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं और इसी सिलसिले में वे खरीदारी कर वापस आ रहे थे।पीछे से टक्कर, सड़क पर गिरे तीनोंजैसे ही परिवार बेगमपुल चौराहे पर शास्त्री मूर्ति के पास पहुंचा, पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही बाइक असंतुलित हो गई और तीनों सड़क पर गिर पड़े।हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति और मासूम बेटी घायल हो गए।चालक बस लेकर फरार, पुलिस जांच में जुटीहादसे के बाद बस चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही लालकुर्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी हरेंद्र पाल के मुताबिक, फरार चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।शादी वाले घर में पसरा मातमबताया जा रहा है कि रोहित की साली की शादी जल्द ही होने वाली थी।

# रील बना रही लड़की की मौत, बाइक डिवाइडर से टकराई

**गाजियाबाद में 70 की स्पीड में हादसा, दोस्त की हालत गंभीर**

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद , रील बनाने के दौरान बाइक पर स्टंट कर रही एक युवती की डिवाइडर से टकराने के कारण मौत हो गई। युवती तेज रफ्तार में बाइक चला रही थी, जबकि पीछे बैठा युवक मोबाइल से वीडियो शूट कर रहा था। इसी दौरान बाइक डिस्बैलेंस होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कई फीट दूर उछलकर जमीन पर गिर पड़े। दोनों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया।यह घटना शाम वेव सिटी क्षेत्र में आईएमएस कॉलेज फ्लाईओवर के पास की है। युवती का बाइक चलाते हुए एक वीडियो भी सामने आया है।युवक की पहचान हाशिम (20) और युवती की इकरा (19) के रूप में हुई है।दोनों गाजियाबाद के पसौंडा मोहल्ले के निवासी थे। साहिबाबाद के पसौंडा स्थित इकबाल कॉलोनी की रहने वाली इकरा (19) सुबह करीब 11 बजे बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी।देर शाम तक वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मोहल्ले का ही रहने वाला हाशिम भी घर पर नहीं था। वह अपनी स्पोर्ट्स बाइक लेकर निकला था। दोनों के परिजन चिंतित रहे, लेकिन किसी ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई। पड़ोसियों के अनुसार, रविवार सुबह इकरा के परिवार को पुलिस ने हादसे की सूचना दी। पुलिस को सुबह चार बजे मिली हादसे की सूचना एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के अनुसार, सुबह करीब 4 बजे सूचना मिली कि एनएच-9 पर आईएमएस कॉलेज के सामने एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक युवक और युवती घायल अवस्था में पड़े मिले।युवती के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें थीं, जबकि हाशिम के पैर, कमर और कंधे पर चोट आई थी। पुलिस दोनों को तुरंत निजी अस्पताल लेकर गई, जहां इलाज के दौरान इकरा की मौत हो गई। हाशिम की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।युवक-युवती दोनों पड़ोसी, युवक वेल्डिंग का काम करत एसीपी ने बताया कि दोनों पड़ोसी थे और युवक वेल्डिंग का काम करता है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाइक युवती चला रही थी और पीछे बैठा युवक वीडियो बना रहा था।दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था और तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई।फिलहाल किसी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वीडियो भी सामने आया इकरा के स्पोर्ट्स बाइक चलाने का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह लगभग 70 किमी/घंटा की रफ्तार से बाइक चलाती दिख रही है।हाशिम पीछे बैठा हुआ है और वीडियो बना रहा है।

# सेंट्रल मार्केट में धरने पर मुखिया को बोलने से रोका

**धरने से लौटे सपा नेता , मुखिया गुर्जर बोले- भाजपा नेताओं का धरने पर कब्जा**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , सेंट्रल मार्केट में चल रहे धरने पर सपा नेताओं का विरोध हो गया। यहां सपा नेता मुखिया गुर्जर, प्रदेश सचिव विपिन चौधरी और जिला पंचायत सदस्य हिमांशु सिद्धार्थ के साथ महिलाओं के बीच पहुंचे थे लेकिन जैसे ही एक कार्यकर्ता ने विचार रखने शुरू किए, महिलाएं विरोध में खड़ी हो गई यह सुनकर सपा नेता मुखिया गुर्जर गुस्से से भर गए और उन्होंने धरने को भाजपा द्वारा कैप्चर करने का आरोप लगा दिया। एक नजर सेंट्रल मार्केट प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पिछले दिनों आवास एवं विकास परिषद ने शास्त्री नगर क्षेत्र के 44 भूखंडों पर सीलिंग की कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई के बाद चौतरफा विरोध शुरू हो गया।सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि 15 दिन के अंदर जितने भी निर्माण है, सभी में सेट बैक की जगह को खाली कराया जाए।16वें दिन आवास विकास खुद यह कार्रवाई शुरू कर देगी। विरोध देख वापस लौटे मुखिया गुर्जर यह पहला मौका था जब समाजवादी पार्टी के नेता मुखिया गुर्जर महिलाओं के धरने पर पहुंचे। वह कार्यकर्ताओं के साथ वही एक तरफ बैठ गए। महिलाएं आवास विकास के खिलाफ नारे लगा रही थीं। इसी बीच सपा के एक कार्यकर्ता ने जैसे ही विचार रखने शुरू किए, एक महिला ने विरोध कर दिया। मुखिया गुर्जर समझाने के लिए खड़े हुए लेकिन उनकी भी नहीं सुनी गई। मुखिया बोले- धरना भाजपा ने कैप्चर कियमुखिया गुर्जर ने महिलाओं को समझने की कोशिश की कि वह राजनीति नहीं कर रहे हैं। वह व्यापारियों का दर्द बांटने आए हैं लेकिन महिलाएं कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थी। यह देख मुखिया गुर्जर चल दिए।उन्होंने कहा कि धरने को भाजपा के दलालों ने कैप्चर कर लिया है। जो विरोध कर रही हैं, क्या वह जवाब दे सकती हैं कि भाजपा के सांसद और विधायक कहां हैं ?सचिन सिरोही को भी लोगों ने वापस भेजा धरने पर महिलाओं ने राजनीतिक मुद्दों से परहेज किया।इसी के चलते उन्होंने पहले सपा का विरोध किया।इसके बाद धरने पर पहुंचे हिंदूवादी नेता सचिन सिरोही को भी उन्होंने बोलने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक मंच नहीं है।महिलाएं अपने घरों को बचाने के लिए खुद निकल पड़ी है।वह अपनी लड़ाई स्वयं लड़ेंगी। महिलाओं की बात सुनने के बाद सचिन सिरोही वहां से निकल गए। हालांकि उनके कुछ साथी वहां धरने पर बैठे जरूर दिखे।पुलिस के आते ही शुरू हुई हनुमान चालीसा जिस जगह यह धरना चलाया जा रहा है, वहां एक बड़ा टेंट लगा चुका है। इसी टेंट के अंदर सपा नेता मुखिया गुर्जर और अन्य कार्यकर्ता की आकर बैठ गए। सभी नौचंदी थाने के रलड अनूप कुमार वहां पहुंच गए।उन्होंने धरने पर बैठी कुछ महिलाओं से बात की जिसके बाद सपा नेताओं का विरोध शुरू हो गया। मुखिया गुर्जर ने कहा कि भाजपा के दलाल की शह पर विरोध हुआ है।

# 2 स्कूल बसों की आमने-सामने टक्कर

**8 बच्चे और चालक घायल, हॉस्पिटल में भर्ती**



**अमन लेखनी समाचार**

गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में सुबह दो स्कूल बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 8 से ज्यादा बच्चे और एक बस चालक घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दादरी थाना क्षेत्र के रूपवास गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार और अनियंत्रित बस ने सामने चल रही दूसरी स्कूल बस को टक्कर मार दी। जीसस मैरी स्कूल के छात्र हुए घायल घायल बच्चे जीसस मैरी स्कूल के बताए जा रहे हैं। वहीं टक्कर मारने वाली बस रामयज्ञ स्कूल की थी। शुरूआती जानकारी के मुताबिक हादसे में 8 बच्चे और एक बस चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# रेलवे के पूर्व कर्मी से ठगे 18 लाख

**3 सप्ताह तक किया डिजिटल अरेस्ट, मनिलॉड्रिंग और जेल का दिखाया डर**

**अमन लेखनी समाचार**




नोएडा ,मनि लॉड्रिंग केस में जेल जाने की धमकी देकर साइबर अपराधियों ने रेलवे से सेवानिवृत्त अधिकारी के साथ 18 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने पीड़ित को 21 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा निवासी 69 साल के तिरुमले नाम्बी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी हैं। 12 मार्च को उनके मोबाइल पर एक अनजान कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया और कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर केनरा बैंक में एक खाता खोला गया है, जो मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराध में इस्तेमाल हो रहा है। गिरफ्तारी का दिखाया डरआरोपी ने पीड़ित को डराते हुए कहा कि उनके खिलाफ मामला दर्ज हो सकता है और गिरफ्तारी भी हो सकती है। ठगों ने खुद को विश्वसनीय दिखाने के लिए वाट्सऐप कॉल और फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया। उन्होंने पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट किया और तीन सप्ताह तक मानसिक दबाव में रखा। इस दौरान पीड़ित को किसी से बात न करने और गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।आरटीजीएस से निकलवाए पैसेलगातार डर और भ्रम की स्थिति में रखकर ठगों ने उनसे बैंक खाते की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपियों ने 18 मार्च को आरटीजीएस के माध्यम से पीड़ित के केनरा बैंक खाते से 18 लाख रुपये उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के एक खाते में ट्रांसफर करा लिए।

# ओवरटाइम और संडे को काम पर दोगुना भुगतान

**श्रमिकों के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम, यौन उत्पीड़न के लिए प्रत्येक इकाई में समिति**

**अमन लेखनी समाचार**




नोएडा ,पिछले तीन दिन से चल रही श्रमिकों की हड़ताल और मांगों को लेकर एक बैठक नोएडा प्राधिकरण में की गई। इसमें प्राधिकरण, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करूणेश ने की, जबकि पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह और जिलाधिकारी मेधा रूपम भी मौजूद रहीं। इस दौरान प्रमुख सचिव (श्रम) एमकेएस सुंदरम और श्रम आयुक्त मार्कण्डेय शाही वर्चुअल माध्यम से जुड़े। श्रमिकों को शोषण पर चेतावनीप्रमुख सचिव (श्रम) ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों और उद्यमियों दोनों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। नई श्रम संहिताओं के तहत न्यूनतम वेतन की गारंटी, समयबद्ध वेतन भुगतान, समान कार्य के लिए समान वेतन, ओवरटाइम पर दोगुना भुगतान, सामाजिक सुरक्षा (ईपीएफ, ईएसआई), ग्रेच्युटी और सुरक्षित कार्यस्थल जैसे प्रावधान लागू किए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि श्रमिकों के शोषण के मामलों में सख्त कार्रवाई होगी।

# नारी सुरक्षा और साइबर जागरूकता पर जोर – मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोनभद्र पुलिस का व्यापक अभियान

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में व्यापक जनजागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, बाजार और ग्राम सभाओं में संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे आमजन साइबर ठगी से सुरक्षित रह सकें सोनभद्र पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी आपात या संदिग्ध स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें तथा जागरूक रहकर स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर :**

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

# छात्रों का सीबीएसई में शानदार प्रदर्शन, क्षेत्र का बढ़ाया मान

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। कासिमपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों ने इस वर्ष घोषित सीबीएसई परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उच्च अंक प्राप्त कर इन छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया है। कासिमपुर निवासी अनुष्का सिंह, पुत्री रतन सिंह चौहान, ने रेड रोज सेकेंड्री स्कूल से सीबीएसई परीक्षा में 88.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। वहीं, सचिन सिंह चौहान के पुत्र धैर्य प्रताप सिंह ने जे पी मेमोरियल स्कूल से परीक्षा देते हुए 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। धैर्य की इस सफलता को विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनकी सफलता के पीछे नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। शिक्षकों ने बताया कि निरंतर परिश्रम और सही दिशा में प्रयास करने से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी दोनों मेधावी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि कासिमपुर क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

# हरदोई में दबंगई का तांडव: दिनदहाड़े हमला

## तहरीर के बाद भी नहीं थमा उत्पात, पुलिस मूकदर्शक

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई) नवीन मंडी गेट के पास रविवार को दिनदहाड़े करीब पांच दर्जन दबंगों ने फिल्मी अंदाज में चार दुकानों पर धावा बोल दिया। लाठी-डंडों सरिया से लैस हमलावरों ने दुकानों के अंदर रखा सामान सड़क पर फेंक दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दहशत में दुकानदारों और राहगीरों ने इधर-उधर भागकर खुद को दुकानों के अंदर बंद कर लिया और शटर गिरा दिए।

सूचना पर पुलिस सायरन बजाती हुई मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाने का दावा किया गया। हालांकि, पीड़ितों का आरोप है कि घटना के बाद कोतवाली में तहरीर देने के बावजूद दबंगों के हौसले कम नहीं हुए बल्कि पुलिस की मौजूदगी में ही उपद्रवियो के अगुआकार दोबारा मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को धमकाते रहे। इतना ही नहीं, सड़क पर फेंका गया सामान दुकानदारों को काफी देर तक अंदर नहीं रखने दिया गया जिसमें घटनास्थल पर मौजूद पुलिस की मिलीभगत नजर आई इस दौरान खुले में पड़ा कीमती सामान तेज बारिश होने के कारण भीग गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। पीड़ित व्यापारियों के अनुसार, एक दुकानदार का बड़ी मात्रा में पशु आहार भी भीग गया, जिससे उसे गंभीर आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही और कुछ देर बाद मौके से चली गई, जिससे व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापार मंडल के नेताओं ने दबंगों की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सूत्रों के मुताबिक, इस घटना में क्षेत्रीय स्तर के एक प्रभावशाली व्यक्ति और उसके करीबी लोगों की भूमिका को लेकर चचाएं तेज हैं, हालांकि आधिकारिक स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### घटना को लेकर उठे सवाल

शाहाबाद ( घटना को लेकर न केवल सवाल उठे हैं बल्कि व्यापारियों में पुलिस के प्रति आक्रोश पनप रहा है हालांकि सवाल यह कि तहरीर के बाद भी दबंग दोबारा मौके पर कैसे पहुंच गए? पुलिस की मौजूदगी में दुकानदारों को धमकाने की हिम्मत आखिर किसके संरक्षण में मिली? सड़क पर पड़ा सामान भीगता रहा और पुलिस मूकदर्शक क्यों बनी रही? क्या प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस निष्क्रिय रही? आखिर कब तक व्यापारियों की सुरक्षा भगवान भरोसे रहेगी? यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। पुलिस ने एक ओर एक्स पर लिखा संदर्भित प्रकरण स्थानीय पुलिस के संज्ञान में है। प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मौके पर तत्काल पुलिस बल भेजकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। दूसरी ओर प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद अरविन्द कुमार राय ने बताया कि घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल की निगरानी बढ़ा दी गई है। किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि या धमकी देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सहायक पुलिस अधीक्षक शाहाबाद की कोई बाइट या वर्जन घटना के घटों बाद तक न एक्स पर आया और न पुलिस मीडिया ग्रुप पर मिला।

**खास समाचार**

# गंगा एक्सप्रेसवे पर तैयारियों का जायजा,

## 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन एवं प्रस्तावित जनसभा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित आगमन के मद्देनजर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने मल्लावां क्षेत्र के बंदीपुर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा एवं क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह ह्यआशूह्ण ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, यातायात प्रबंधन तथा आमजन के लिए मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक अनुमान के अनुसार कार्यक्रम में कन्नौज, हरदोई, कानपुर, सीतापुर, लखनऊ, उन्नाव, शाहजहांपुर एवं लखीमपुर खीरी सहित विभिन्न जनपदों से लगभग एक लाख लोगों की उपस्थिति संभावित है। ऐसे में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गौरतलब है कि गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल है, जिसके उद्घाटन को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

# टैंक में उतरे प्रधानपति व पड़ोसी की दम घुटने से मौत, एक अन्य बेहोश

अमन लेखनी समाचार

हरदोई (बिलग्राम)। जनपद के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर गांव में गेहूं भरने के दौरान एक गहरे टैंक में उतरे दो लोगों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति बेहोश हो गया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान विद्यावती के पति सुरेंद्र गेहूं भरने के लिए घर में बने गहरे टैंक में उतरे थे। इसी दौरान टैंक में मौजूद जहरीली गैस की चपेट में आकर वह अचेत हो गए। उन्हें बचाने के प्रयास में पड़ोसी कैलाश भी टैंक में उतर गए, जहां वह भी गैस के प्रभाव से बेहोश हो गए। इसके बाद गांव का ही प्रमोद रस्सी के सहारे टैंक में उतरा, जो गैस के कारण अचेत हो गया। घटना के बाद तीनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिलग्राम ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सुरेंद्र एवं कैलाश को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रमोद का उपचार जारी है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी बिलग्राम रवि प्रकाश एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटना की जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध कुमार गौतम ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है तथा प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नामित सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज (हरदोई)। नगर निकायों में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बुधवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर पंचायत कुरसठ एवं नगर पंचायत माधौगंज में नामित सदस्यों को उपजिलाधिकारी बिलग्राम द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कुरसठ नगर पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी बिलग्राम एन. राम ने मोहल्ला रामनगर निवासी मालती वर्मा, गौरी नगर निवासी रजत सिंह पटेल तथा पंतनगर निवासी सुधीर पाठक को विधिवत शपथ दिलाई। इसी क्रम में नगर पंचायत माधौगंज में भी नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जहां गांधीनगर निवासी बाल गोविंद गुप्ता, पटेल नगर निवासी सीमा सिंह अर्कवंशी एवं किदवई नगर निवासी अनीश वर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या देवी के प्रतिनिधि विमलेश कुमार वर्मा ने नव-नामित सदस्यों का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिकों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# बाबा साहब ने गरीबों/ दलितों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन किया समर्पित –ओम प्रकाश

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। भारत के संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ0 बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर राबर्ट्सगंज नगर में स्थित वार्ड नंबर में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया एवं उनके द्वारा किए कार्यों पर लोगों ने अपनी बात कही। सोनभद्र अनुसूचित प्रकोष्ठ कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राव ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना की एवं दलितों के उत्थान के लिए उन्होंने जीवन भर प्रयास करते हुए उनकी लड़ाई लड़ने का काम किया उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए भारत रत्न की उपाधि दी गई आज बाबा साहब हम सभी को दिलों में है और हम उनको याद करते हैं उनकी पूजा करते हैं कार्यक्रम उपस्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने कहा की जिस परिस्थिति /स्थितियों से दलित समाज गुजरा है और उनके बीच में रहकर जिस प्रकार का कार्य बाबा साहब ने उठाया देखा कांग्रेस पार्टी के साथ वह रहे और संविधान की रचना उनके द्वारा की गई इस संविधान को आज वर्तमान परिवेश में जिस प्रकार से कमजोर किया जा रहा है किसी से छुपा नहीं है चार कंधों पर खड़ा या संविधान जब हर वक्त की बोलने की स्वतंत्रता कितनी बची है मीडिया के स्वतंत्रता क्या है आज के दौर में लुभावने वादे और दिखावटी राजनीति से देश का उत्थान नहीं होगा जब तक सभी को समान अधिकार नहीं मिलेंगे तब तक देश हमारा विकास नहीं करेगा और इसी की लड़ाई बाबा साहब में लड़ी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित करने वालों में युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा, जिला महासचिव दयाराम प्रजापति, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल जैन, अनुसूचित प्रकोष्ठ कांग्रेस के सहर अध्यक्ष सुशील राव, कमला प्रसाद, रामविलास, अनिल बियार प्रदेश सचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ, आशीष पाल जिला सचिव व्यापार प्रकोष्ठ, अब्दुल कादिर जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ दिनेश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, युवा नेता अरुण सोनी, बबलू भारती उपस्थित रहे।

# महादेवी वर्मा साहित्य शोध संस्थान भरहरी में गूँजे बाबा साहेब के विचार

**–भव्य समारोह में 14 विभूतियाँ सम्मानित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। चोपन विकास खंड के ग्राम पंचायत भरहरी स्थित महादेवी वर्मा साहित्य शोध संस्थान के प्रांगण में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 'सामाजिक न्याय दिवस' के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संस्थान के संरक्षक डॉ. बृजेश महादेव एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इस दौरान पूरा परिसर 'जय भीम' और बाबा साहेब अमर रहें के नारों से गुंजायमान रहा। मुख्य वक्ता डॉ. बृजेश महादेव ने बाबा साहेब के जीवन संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि ज्ञान, मानवीय समानता और सामाजिक क्रांति के वैश्विक अग्रदूत थे। उन्होंने संस्थान की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह शोध संस्थान के इतिहास में पहली बार है जब इतने भव्य और संगठित रूप में जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। डॉ. महादेव ने जोर देकर कहा कि प्रत्येक साहित्यिक और शैक्षणिक संस्थान का यह परम दायित्व है कि वह ज्ञान के प्रतीक बाबा साहेब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मूल मंत्र को आत्मसात करे और समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता का प्रसार करे। इस अवसर पर 14 प्रमुख समाजसेवियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में राज कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, बलन्दर सिंह, नागेश्वर डॉक्टर, ललित कुमार सिंह, हिस्पति राम सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, कृपा शंकर शर्मा, श्याम सुंदर भारती, बब्बू भारती, विजय कुमार सिंह, लाल कुमार सिंह एवं आयुश सिंह शामिल रहे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बाबा साहेब का जीवन एक खुली किताब है, जिससे धैर्य और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में उपस्थित जनसमूह ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करते हुए संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और देश की अखंडता बनाए रखने की शपथ ली, जिसके पश्चात भव्य समापन की घोषणा की गई।

# ब्यापक चेकिंग अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारु द्विवेदी के नेतृत्व में जनपद में यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में दिनांक 13.04.2026 को थाना चोपन अंतर्गत डाला क्षेत्र सहित जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों, मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, ओवर स्पीड एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान के दौरान कुल 73 रॉन्ग साइड, 10 ड्रिंक एंड ड्राइव, 342 बिना हेलमेट, 04 सीट बेल्ट उल्लंघन, 03 ओवर स्पीड तथा अन्य 374 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही 33 वाहनों (29 वाहनों को ट्रैफिक पुलिस एवं 04 वाहन थानों के द्वारा) सीज किया गया तथा अवैध हूटर/मॉडिफिकेशन को मौके पर उतरवाया गया। जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# कोन में धूमधाम से मनी बाबा साहब की 135वीं जयंती, निकली भव्य रैली



अमन लेखनी समाचार

कोन सोनभद्र। विकासखंड कोन क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और सामाजिक एकता के साथ मनाई गई। अंबेडकर महासभा कोन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं नागरिकों की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रूबी मिश्रा एवं प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी कुमार जायसवाल रहे। विशिष्ट अतिथियों में विजय शंकर जायसवाल (व्यापार मंडल अध्यक्ष), अनुज कुमार त्रिपाठी (अधिवक्ता) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजमन भारती ने की। आयोजन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष महंगू राम भारती, कोषाध्यक्ष उमेश भारती, सचिव प्रमोद कुमार भारती, संचालक शिवनारायण भारती, अनुज तिवारी एवं संरक्षक उमेश कुमार व राम नरेश भारती की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम के अंतर्गत निकली भव्य रैली पुरानी बाजार (रैया बाबा स्थल) से प्रारंभ होकर कोन बाजार, बस स्टैंड मार्ग होते हुए पुनः प्रतिमा स्थल पर पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और जय भीम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

### जगह–जगह निकली रैलियां, श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की रही धूम

अंबेडकर जयंती के अवसर पर कोन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भी व्यापक आयोजन किए गए। ग्राम पंचायत निगाई एवं कोन न्याय पंचायत में भव्य रैलियां निकाली गईं। निगाई की रैली रामगढ़ होते हुए बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं कोन न्याय पंचायत की रैली कोन बाजार व पुरानी बाजार से होते हुए रैया बाबा स्थित प्रतिमा स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। चाची कला, देवाटन, खेतकटवा सहित अन्य गांवों में भी जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ेगी रंगत

अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। कोन में आज कार्यक्रम आयोजित होंगे, जबकि निगाई में 19 अप्रैल 2026 को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### पुलिस रही मुस्तैद, शांतिपूर्ण संपन्न हुए कार्यक्रम

पूरे आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोन पुलिस पूरी तरह सक्रिय रही। लगातार पेट्रोलिंग और गश्त के चलते सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए।

# सरकारी निर्देश बेअसर: हरदोई में अधिकारियों की फोन न उठाने की प्रवृत्ति, जनता व पत्रकार परेशान

अमन लेखनी समाचार




हरदोई। प्रदेश सरकार द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे आम जनता एवं पत्रकारों के फोन कॉल का समयबद्ध रूप से संज्ञान लें और समस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाएं। इसके बावजूद जनपद हरदोई में इन निर्देशों का अपेक्षित पालन नहीं हो रहा है, जिससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। जिले में पुलिस विभाग को छोड़कर अधिकांश अन्य विभागों के अधिकारियों पर फोन कॉल न उठाने के आरोप लग रहे हैं। स्थिति यह है कि आम नागरिकों की बात तो दूर, पत्रकारों के कॉल भी अक्सर अनसुने कर दिए जाते हैं। आरोप है कि कुछ अधिकारी केवल चुनिंदा परिचितों या अपने निकट संबंध रखने वाले व्यक्तियों के फोन ही उठाते हैं, जबकि अन्य लोगों के कॉल को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इस प्रवृत्ति के कारण जनसामान्य को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पत्रकारों को भी सूचना संकलन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकार के स्पष्ट निदेशों का पालन जमीनी स्तर पर सुनिश्चित नहीं किया गया, तो प्रशासन और जनता के बीच संवादहीनता की स्थिति और गंभीर हो सकती है। ऐसे में आवश्यक है कि संबंधित अधिकारी इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए अपनी कार्यशैली में सुधार करें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

# हरपालपुर सीएचसी में प्रसूति विभाग का आधुनिकीकरण

## एसबीआई द्वारा उपकरणों का लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

सवायजपुर (हरदोई)। विधानसभा क्षेत्र सवायजपुर के कस्बा हरपालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में महिला प्रसूति विभाग के आधुनिकीकरण तथा विभिन्न चिकित्सकीय परीक्षण उपकरणों के लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पहल (एसबीआई) के सहयोग से संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम के दौरान नवीन उपकरणों एवं व्यवस्थाओं का विधिवत निरीक्षण कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय में उपलब्ध कराए गए आधुनिक संसाधनों से गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलने की उम्मीद जताई गई। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर और बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से जटिल मामलों के उपचार में भी सुविधा मिलेगी और मरीजों को बड़े शहरों की ओर कम जाना पड़ेगा। इस अवसर पर डॉ. आनन्द पाण्डेय, डॉ. रजनीश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख अनोखे लाल कश्यप, राजेश कुमार (एसबीआई) सहित अन्य गणमान्य एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ किया गया।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**



## परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

मुंबई। फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

लाइफ Style



## हुमा
### सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

### हॉलीवुड मसाला



## सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजी ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



## टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

लॉस एंजिल्स। 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



## फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान


मुंबई। पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



## कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

नई दिल्ली। रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

### टीवी मसाला



## स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

नई दिल्ली। एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्ष रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

### अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

नई दिल्ली। अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने





अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।

## इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

मुंबई। सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमानवाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कैरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

## 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

मुंबई। वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया



है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

### पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल


## थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*


**टोस्टर** : अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला** : सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग** : लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।




**द ममी** : हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।



**अस्सी** : हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक फिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3** :
हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।